दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

RNI NO. RAJHIN/2013/52026

कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 13 | अंक : 43 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00

टोंक | बुधवार, 17 सितंबर 2025 | आश्विन, कृष्ण पक्ष एकादशी संवत् - 2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## न्यूज ब्रीफ

### आज शुरू हो सकती है वैष्णो देवी यात्रा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने घोषणा की है कि जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी की तीर्थयात्रा बुधवार से फिर से शुरू होगी, बशर्ते मौसम की स्थिति अनुकूल रहे।

लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन के कारण यात्रा को अस्थाई रूप से रोक दिया गया था, जिससे भक्तों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। बोर्ड के इस फैसले से श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिली है, जो पिछले कई दिनों से यात्रा के फिर से शुरू होने का इंतजार कर रहे थे।

श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है और कहा है कि मौसम में सुधार होते ही सभी आवश्यक सुरक्षा उपायों को लागू किया जाएगा। भक्तों से अनुरोध किया गया है कि वे यात्रा शुरू करने से पहले श्राइन बोर्ड के आधिकारिक संचार माध्यमों से नवीनतम अपडेट लेते रहें।

### वामन मंदिर में खंडित विष्णु मूर्ति बदलने की याचिका खारिज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने खजुराहो के जवारी (वामन) मंदिर में भगवान विष्णु की 7 फीट ऊंची खंडित मूर्ति की बहाली की मांग वाली याचिका कर दी है। मंगलवार को CJI बीआर गवई ने मामले की सुनवाई की। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि यह मूर्ति मुगलों के आक्रमणों के दौरान खंडित हो गई थी और तब से यह इसी हालत में है। याचिकाकर्ता ने श्रद्धालुओं के पूजा करने के अधिकार की रक्षा करने और मंदिर की पवित्रता को पुनर्जीवित करने के लिए सर्वोच्च अदालत से हस्तक्षेप की मांग की थी।

### पूर्व आईएएस डॉ. राजेश्वर सिंह होंगे राज्य निर्वाचन आयुक्त



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व आईएएस राजेश्वर सिंह राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त होंगे। मधुकर गुप्ता का राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर आज ही कार्यकाल पूरा हुआ है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को डॉ. राजेश्वर सिंह को राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियुक्ति देने के आदेश जारी कर दिए हैं। राजेश्वर सिंह पर अब शहरी निकाय और पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव करवाने की जिम्मेदारी रहेगी। मधुकर गुप्ता ने हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए निकाय और पंचायत चुनाव जल्द करवाने की पैरवी की थी।

भारत की बात पर पाकिस्तान ने लगा दी मुहर...

# मध्यस्थता का दावा कर ट्रंप ने करा ली अपनी बड़ी फजीहत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्ध रुकवाने के दावों की हवा निकालकर रख दी है। इसके साथ ही डार ने भारत सरकार के उस दावे को सही ठहराया है जिसमें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद मे साफ कर दिया था कि भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर करवाने में किसी देश या किसी नेता की भूमिका नहीं थी। अलजजीरा को दिए इंटरव्यू के दौरान एंकर ने उनसे पूछा था कि क्या आप संघर्ष के दौरान विवाद सुलझाने के लिए तीसरे पक्ष को शामिल करने के लिए तैयार थे? इस पर इशाक डार ने कहा कि हमें कोई आपत्ति नहीं थी, लेकिन भारत ने साफ तौर पर कहा है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। इशाक डार ने कहा कि हमने शांति वार्ता के लिए भारत से बात की थी लेकिन भारत ने इसे स्वीकार नहीं किया।



### पीएम मोदी और राजनाथ सिंह ने भी ट्रंप के दावों का खंडन किया था

ट्रंप के सीजफायर वाले दावे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में जवाब देते हुए कहा था कि दुनिया के किसी भी देश ने भारत को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं रोका था, पाकिस्तान के गिड़गिड़ाने के बाद ही हम सीजफायर पर सहमत हुए लेकिन हमने ऑपरेशन सिंदूर बंद नहीं किया है, यह आगे भी जारी रहेगा जबतक कि उधर से आतंकवाद का खात्मा नहीं हो जाता है। उन्होंने विपक्ष के उस सवाल का भी जवाब दिया जिसमें कहा गया था कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत को किसी भी देश का समर्थन नहीं मिला था।

### विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी ट्रंप के दावे को खारिज किया था

अमेरिका में क्वॉड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने गए भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने एक इंटरव्यू में साफ-साफ कहा था कि युद्धविराम पूरी तरह से द्विपक्षीय था। इसमें किसी अन्य देश का हस्तक्षेप नहीं था। हालांकि, भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के दौरान अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की थी और कहा था कि पाकिस्तान ने बड़े अंजाम भुगतने की धमकी दी है, इसपर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ-साफ कहा था कि भारत पाकिस्तान की धमकियों से डरने वाला नहीं है।

### विदेश सचिव ने भी दावों का खंडन किया था

इससे पहले भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा था कि पीएम मोदी ने ट्रंप से स्पष्ट रूप से कहा कि पाकिस्तान के साथ युद्धविराम द्विपक्षीय था और किसी तीसरे देश के हस्तक्षेप से नहीं हुआ है।

### सेना ने भी किया था ट्रंप के दावों का खंडन

वायु सेना प्रमुख एपी सिंह ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान युद्धविराम, हवाई प्रभुत्व चरण के सफल समापन के बाद भारत द्वारा लिया गया एकतरफा निर्णय था। इसमें किसी तीसरे देश ने हस्तक्षेप नहीं किया था। यह भारत के स्थापित सैन्य सिद्धांत के अनुरूप है, जैसा कि 1999 के कारगिल युद्ध और 2019 के बालाकोट हवाई हमलों में देखा गया था।

## डोनाल्ड ट्रंप ने दी जन्मदिन की बधाई तो पीएम मोदी ने कहा- 'थैंक्यू माई फ्रेंड'



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी को फोन पर सबसे पहले 75वें जन्मदिन की बधाई दी। PM मोदी ने मंगलवार रात 10:53 बजे बताया कि ट्रम्प ने उन्हें फोन किया। ट्रम्प ने रात 11:30 बजे अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर PM मोदी से बातचीत की जानकारी दी।

ट्रम्प ने बताया, 'अभी-अभी मेरे दोस्त, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बहुत अच्छी बातचीत हुई। मैंने उन्हें जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दीं! वे अद्भुत काम कर रहे हैं। नरेंद्र, रूस और यूक्रेन के बीच जंग खत्म करने में आपके सहयोग के लिए धन्यवाद।'

वहीं, PM मोदी ने X पर लिखा, 'थैंक यू, मेरे दोस्त, प्रेसिडेंट ट्रम्प, मेरे 75वें जन्मदिन पर आपके फोन कॉल और बधाई के लिए धन्यवाद। आपकी तरह, मैं भी भारत-अमेरिका के बीच व्यापक और वैश्विक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। हम यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में आपकी पहल का समर्थन करते हैं।

आईएएमडी ने उत्तराखंड के कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया

# देहरादून में बादल फटा, 13 की मौत,16 लोग लापता

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देहरादून के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल सहस्त्रधारा में सोमवार देर रात करीब साढ़े 11 बजे बादल फटने से अफरातफरी मच गई। मुख्य बाजार में मलबा आने की वजह से बड़े होटलों और दुकानों को काफी नुकसान पहुंचा। स्थानीय लोगों ने एनडीआरएफ के साथ मिलकर करीब 100 लोगों को सुरक्षित बचा लिया है। दो लोग लापता बताए जा रहे हैं जिनकी तलाश हो रही है। देहरादून में प्रकृति का कहर आज इस कदर बरपा कि 13 लोग इस आपदा की भेंट चढ़ गए। विकासनगर क्षेत्र में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि कालसी में भूस्खलन से एक व्यक्ति की मौत हुई है। वहीं, विकास नगर के एक अन्य क्षेत्र में दो लोगों की डूबने से मौत हो गई। सदर क्षेत्र में दो लोगों की डूबने से और एक की भूस्खलन की चपेट में आने से मौत हुई है, तो वहीं बादल फटने के कारण एक व्यक्ति की मौत हुई है, जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। विकास नगर और सदर क्षेत्र में 16 लोग बादल फटने और डूबने के कारण लापता हैं।

**तमसा नदी के रौद्र रूप लेने से टपकेश्वर मंदिर में शिवलिंग डूब गया। आईटी पार्क के पास मलबा आने से सॉन्ग नदी का जलस्तर बढ़ गया।**



### नक्सली हथियार छोड़ने को तैयार, पुलिस भी एक्शन रोके

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी अब सरकार के सामने सरेंडर करने और हथियार डालने राजी हो गई। CPI (माओवादी) ने प्रेस रिलीज जारी करके कहा है कि उनकी पार्टी फिलहाल अस्थायी तौर पर हथियारबंद संघर्ष को रोकने और शांति वार्ता के लिए तैयार है। संगठन ने साफ किया है कि वे सरकार से गंभीर और ईमानदार पहल की उम्मीद कर रहे हैं। पार्टी ने कहा कि उसने 2024 से चल रहे अभियान में पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ों का सामना किया है, जिसमें दोनों ओर से नुकसान हुआ है। इसी पृष्ठभूमि में पार्टी ने यह निर्णय लिया है कि एक महीने तक सरकार से संवाद की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए और कैद माओवादी नेताओं को भी वार्ता में शामिल करने का अवसर दिया जाए। नक्सली लीडर अभय का यह प्रेस नोट 15 अगस्त 2025 का है, जो अब वायरल हो रहा है।

## जैश ने माना-ऑपरेशन सिंदूर में मसूद का परिवार मारा गया



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने पहली बार माना है कि उसके सरगना मौलाना मसूद अजहर के परिवार के कई सदस्य ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हमले में मारे गए। जैश के कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह कहता है कि 7 मई को बहावलपुर में भारत की कार्रवाई में अजहर के परिवार के लोगों के टुकड़े-टुकड़े हो गए, उनका कीमा बन गया था। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में हमला किया था। ऑपरेशन के दौरान बहावलपुर समेत पाकिस्तान के अंदर नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। बहावलपुर में हुए भारतीय हमले में मसूद के परिवार के 10 लोग मारे गए थे। इसके अलावा 4 सहयोगियों की भी मौत हुई थी। मरने वालों में मसूद की बड़ी बहन और उसका पति, मसूद का भतीजा और उसकी पत्नी, मसूद की एक भतीजी और उसके पांच बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा मसूद के 4 सहयोगी भी मारे गए थे। हमले के वक्त मसूद मौके पर नहीं था, इस वजह से उसकी जान बच गई थी। बीबीसी उर्दू की रिपोर्ट के मुताबिक आतंकी मसूद ने परिवार के लोगों के मरने के बाद एक बयान भी जारी किया था।

# 3200 मेगावाट की कोल आधारित विद्युत उत्पादन परियोजना राजस्थान में ही होगी स्थापित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर निरंतर अग्रसर है। मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए दूरदर्शी निर्णयों और विभिन्न कदमों के परिणामस्वरूप प्रदेश की ऊर्जा उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री का एक और प्रयास रंग लाया है। केन्द्र सरकार की एम्पावर्ड कमेटी ने राज्य में 3200 मेगावाट की कोल आधारित परियोजना को स्थापित करने की मंजूरी दे दी है।



मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने राज्य में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा दीर्घकालिक ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से केन्द्रीय कोयला मंत्रालय से इस परियोजना के लिए कोल लिंकेज का आवंटन का आग्रह किया था। उन्होंने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री श्री मनोहरलाल के समक्ष इस परियोजना के राज्य में स्थापित होने से अपेक्षित प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष आर्थिक, सामाजिक व तकनीकी लाभों पर पुरजोर तरीके से पक्ष रखा था। मुख्यमंत्री के इन्हीं प्रयासों के फलस्वरूप केन्द्र सरकार की अधिकार प्राप्त समिति (एम्पावर्ड कमेटी) ने परियोजना को राजस्थान में ही स्थापित करने का निर्णय किया है।


### 40 हजार करोड़ का होगा निवेश

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार भविष्य की ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए बेस मांग पूर्ति हेतु कोयला आधारित परियोजनाओं के विकास पर भी विशेष ध्यान दे रही है। 3200 मेगावाट की कोल आधारित परियोजना की स्थापना से लगभग 40 हजार करोड़ का निवेश होगा, जिससे राज्य में राजस्व वृद्धि के साथ ही रोजगार के अवसरों का भी सृजन होगा।




## सम्पादकीय

# कानून में संशोधन, वक्फ पर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम फैसले से दोनों पक्ष संतुष्ट



इससे बेहतर और कुछ नहीं कि वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम फैसले पर दोनों ही पक्ष संतोष जता रहे हैं। हालांकि अभी अंतिम फैसला आना शेष है, लेकिन दोनों पक्षों को संतुष्ट करने वाले अंतरिम फैसले से एक बड़ा लाभ यह होगा कि वे लोग निःशस्त्र होंगे, जो इस कानून में संशोधन को लेकर आम लोगों को बरगला रहे थे।

इसके नतीजे में एक महत्वपूर्ण कानून पर सस्ती राजनीति पर विराम लगेगा। सुप्रीम कोर्ट का फैसला मोटे तौर पर वक्फ कानून में संशोधन की आवश्यकता को सही ठहराता है। उसने संशोधित कानून के एक प्रविधान पर रोक लगाई और दो प्रविधानों में संशोधन कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वक्फ बोर्ड के 11 सदस्यों में तीन से अधिक गैर-मुस्लिम न हों और वक्फ बोर्ड का सीईओ यथासंभव मुस्लिम समुदाय से हो।उसने गैर-मुस्लिम सीईओ बनने पर रोक नहीं लगाई। उसने उस प्रविधान को भी स्थगित कर दिया, जिसके तहत यह व्यवस्था बनाई गई थी कि जब तक नामित अधिकारी की रिपोर्ट दाखिल नहीं होती, तब तक संपत्ति को वक्फ संपत्ति न माना जाए। इसके साथ ही उसने फिलहाल इस शर्त को भी हटा दिया कि किसी व्यक्ति को वक्फ बनाने के लिए कम से कम पांच वर्षों तक इस्लाम का अनुयायी होना चाहिए। इस पर कानून के विरोधियों को बहुत आपत्ति थी, लेकिन यह उल्लेखनीय है कि इसे तब तक के लिए ही हटाया गया है, जब तक इस्लाम के अनुयायी होने को परिभाषित नहीं किया जाता। सुप्रीम कोर्ट ने जिलाधिकारी को संपत्ति अधिकार तय करने के अधिकार पर रोक लगाकर एक तरह से सरकार को झटका दिया, लेकिन एक तो अभी यह अंतरिम फैसला ही है और दूसरे यह भी ध्यान रहे कि सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ बाई यूजर वाले प्रविधान पर इस कानून में बदलाव के विरोधियों को राहत नहीं दी। यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि पुराने कानून के अनुसार यदि कोई संपत्ति लंबे समय से वक्फ द्वारा इस्तेमाल की जा रही है तो जरूरी दस्तावेजों के अभाव में भी उसे वक्फ बोर्ड की माना जा सकता था। नए कानून में इस रियायत को हटा दिया गया है। साफ है कि अब केवल यह कहने से काम नहीं चलेगा कि कागज तो नहीं हैं, लेकिन अमुक जमीन इसलिए वक्फ की है, क्योंकि उसका इस्तेमाल इसी रूप में हो रहा था। सुप्रीम कोर्ट का यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि उसे वक्फ संशोधन कानून के सभी प्रविधानों को असंवैधानिक करार देने की कोई आवश्यकता नहीं महसूस हुई।


## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 17 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1630- अमेरिका के बॉस्टन शहर की स्थापना।
- 1761- कोसाब्रोमा का युद्ध लड़ा गया।
- 1948- हैदराबाद रियासत का भारत में विलय।
- 1949- दक्षिण भारतीय राजनीतिक दल द्रविड़ मुन्नेत्र कडग़म (द्रमुक) की स्थापना।
- 1974- बंगलादेश, ग्रेनेडा और गिनी बिसाऊ संयुक्त राष्ट्र संघ में शामिल।
- 1982- भारत और सिलोन(श्रीलंका) के बीच पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेला गया।
- 1995 - चीन की राजधानी बीजिंग में ब्रिटिश शासन के अन्तर्गत अंतिम चुनाव सम्पन्न।
- 1956- भारतीय तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग का गठन।
- 1957- मलेशिया संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
- 1999 - ओसामा बिन लादेन का भारत के विरुद्ध जेहाद का ऐलान।
- 2000 - जाफना प्राय:द्वीप का चवाक छेड़ी शहर लिट्टे से मुक्त।
- 2001 - अमेरिका ने स्पष्ट किया कि कश्मीर पर पाक के साथ कोई सौदेबाजी नहीं।
- 2002 - इराक ने संयुक्त राष्ट्र हथियार निरीक्षकों को बिना शर्त देश में आने की अनुमति दी।
- 2004 - यूरोपीय संसद ने मालदीव पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया।
- 2006 - हवाना में गुटनिरपेक्ष आन्दोलन का शिखर सम्मेलन शुरू। भारतीय वायु सेना की स्पेशल फ़ोर्स यूनिट गरुड़ कमांडो कांगो के शांति मिशन पर रवाना। गुटनिरपेक्ष देशों की दो दिवसीय शिखर बैठक हवाना में सम्पन्न। भारतीय प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह ने क्यूबा के अस्वस्थ राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो से मुलाकात की। कांधार विमान अपहरण में अलकायदा के हाथ होने की पुष्टि। विश्व कप हॉकी में भारत को 11वां स्थान।
- 2008 - जहाजरानी राज्यमंत्री के. एच. मुनियप्पा ने विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार एवं राष्ट्रीय संरक्षा पुरस्कार 2006 प्रदान किए।
- 2009 - केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने 123 भ्रष्ट सरकारी अधिकारियों के नाम अपनी वेबसाइट पर जारी किए। दिल्ली की दो और बिहार की 18 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव सम्पन्न हुए।

## विशेष आलेख

# जन्मदिवस पर विशेष: भारतीय राजनीति के शलाका पुरूष मोदी जी के नेतृत्व में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर भारत



सुरेश पचौरी



यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का 17 सितम्बर को 75 वां जन्मदिवस है। गुजरात के मेहसाणा जिले के एक छोटे से गांव बडनगर से शुरू हुई उनकी जीवन यात्रा में आए तमाम उतार-चढ़ाव के बीच अपनी लगन, निष्ठा, परिश्रम, त्याग, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्रप्रेम के चलते वे भारतीय राजनीति के शलाका पुरूष बन चुके हैं। वे आज सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री के रूप में ही नहीं जाने-पहचाने जाते, वरन आज वे विश्व के अग्रणी शीर्ष नेताओं में सम्मिलित हो चुके हैं। श्री नरेन्द्र मोदी का जीवन संघर्ष की गाथा से भरा हुआ है, वस्तुतः वे संघर्षो की उपज हैं। वे ऐसे तपे-तपाए जननेता हैं, जिनमें कुंदन की कठोरता भी है और चंदन की शीतलता भी विद्यमान है। उनके चिंतन में राष्ट्र, राष्ट्रबोध एवं राष्ट्रहित सर्वोपरि है और इसी उदात्त भावना से ओतप्रोत होकर उन्होंने किशोरावस्था में अपना घर-द्वार छोडक़र जनसेवा की ओर जो कदम बढ़ाए, वे आज तक नहीं रूके।

प्रधानमंत्री के रूप में विगत 11 वर्षों के दौरान मोदी जी ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन कार्ययोजनाओं को अमली जामा पहनाया, जिसका भाजपा चुनाव घोषणा पत्र में वादा किया गया था। चाहे वह सामाजिक-आर्थिक बदलाव हों, चाहे प्राकृतिक संसाधनों, खनिजों, सांस्कृतिक धरोहरों आदि का संरक्षण हो या फिर देश के किसानों के कल्याण के लिए कृषि पर आधारित अर्थव्यवस्था हो, सब पर विशेष ध्यान दिया गया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में मोदी सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे करोड़ों महिलाओं को लाभ मिल रहा है। मोदी जी के मार्गदर्शन में युवाओं में नवाचार और आत्मनिर्भरता की भावना बढ़ाने के लिए स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया और डिजिटल स्किल इंडिया जैसी योजनाओं का सूत्रपात हुआ है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना और महिला स्व सहायता समूहों को सशक्त कर उन्होंने सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में परिणाममूलक कदम उठाए।

श्री नरेन्द्र मोदी के ग्यारह वर्षों के प्रधानमंत्री के कार्यकाल पर नजर दौड़ाएं तो बहुत स्पष्ट दिखता है कि इस दौरान देश ने प्रगति की दिशा में तेज रफ्तार पकड़ी, आम आदमी के जीवन में खुशहाली आई, समाज के कमजोर वर्गों के लोगों के जीवन में सुधार आया, देश की अर्थव्यवस्था बेहतर हुई, दुनिया में भारत के मान-सम्मान में वृद्धि हुई, पड़ोसी दुश्मन देश पाकिस्तान को ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान मुंह की खानी पड़ी और सबसे बड़ी बात तो यह कि अमेरिका जैसा संप्रभुता संपन्न राष्ट्र मोदी जी के कसीदे पढने लगा। श्री मोदी देश हित में इतने दृढ़ प्रतिज्ञ हैं कि दुनिया की कोई ताकत आज तक उन्हें सिद्धांतों से न तो डिगा सकी है और न ही झुका सकी है। उनका यह आत्मबल न सिर्फ करोड़ों भारतवासियों बल्कि विश्व के दीगर मुल्कों में रहने वाले भारतवासियों को संबल प्रदान करता है। 'यह नया भारत है, दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारता है', ऐसे सिंहनाद से देश का आम जनमानस खुद को सुरक्षित तो महसूस करता ही है, साथ ही नये भारत की उपलब्धियों पर उसे गर्व भी होता है।

निःसंदेह, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। देश में चहुंमुखी प्रगति हो रही है। हमारी जीडीपी की दर भी संतोषजनक है। रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। देश विरोधियों और भ्रष्टाचारियों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति परिणाममूलक है। देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ की काट के लिए मोदी जी द्वारा स्वदेशी अपनाने का जो आह्वान किया गया, लोगों का इस दिशा में झुकाव बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सरकार की योजनाओं के केन्द्र बिन्दु में हमेशा 'आम आदमी' को रखा। इस सोच के साथ गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। मसलन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश के करोड़ों परिवारों को पक्के घर दिए गये। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लाखों शौचालयों का खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कराया गया। उज्जवला योजना के माध्यम से गरीब महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान कर उनके स्वास्थ्य और गरिमा की रक्षा की। बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के मद्देनजर आयुष्मान भारत योजना शुरू की गई, जिससे 50 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य बीमा का सुरक्षा कवच मिला। जल जीवन मिशन से हर घर को नल से जल उपलब्ध कराने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। आधारभूत संरचना की बात की जाये तो प्रधानमंत्री ने इसे राष्ट्र की रीढ़ मानते हुए इसमें भारी निवेश किया। सडक़ों, रेलवे, बंदरगाहों, हवाई अड्डों और डिजिटलीकरण में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिल रही है।

# भारत में सडक़ हादसों की महामारी किसकी जिम्मेदारी?



सुनील कुमार महला

*आज सड़क सुरक्षा इसलिए जरूरी है क्यों कि सडक़ दुर्घटनाओं से हर साल लाखों लोग घायल होते हैं या अपनी जान गंवा बैठते हैं।*

सडक़ पर चलते समय सतर्क रहना और नियमों का पालन करना जीवन बचाने के लिए बेहद जरूरी है। सडक़ सुरक्षा का उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना और सभी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है ।यही कारण है कि सडक़ पर सुरक्षा के लिए कानून के तहत यातायात नियम निर्धारित किए गए हैं, जिनमें क्रमशः हेलमेट और सीटबेल्ट पहनना, नशे में वाहन न चलाना, निर्धारित गति सीमा( स्पीड लिमिट का पालन) का पालन करना,वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करना,पैदल चलने वालों का समुचित ध्यान रखना, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करना,वाहन की सही स्थिति जैसे कि ब्रेक, लाइट, टायर आदि की नियमित जांच करना और सुरक्षित रूप से सडक़ पार करना भी शामिल है। आज सडक़ सुरक्षा इसलिए जरूरी है क्यों कि सडक़ दुर्घटनाओं से हर साल लाखों लोग घायल होते हैं या अपनी जान गंवा बैठते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह दूसरों की भी सुरक्षा का मामला है, केवल हमारी नहीं। यह भी एक तथ्य है कि सुरक्षित यात्रा से मानसिक शांति और समय की बचत होती है। वास्तव में सडक़ सुरक्षा के लिए यह जरूरी है कि हम अपने बच्चों और युवाओं को स्कूल से ही सडक़ नियमों की शिक्षा प्रदान करें तथा उनमें हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने की आदत का निर्माण करें। सोशल मीडिया व स्थानीय अभियानों के जरिए जागरूकता फैलाने की आवश्यकता आज महत्ती हो गई है। पाठकों को बताता चलूं कि हाल ही में मध्य प्रदेश के इंदौर में एयरपोर्ट रोड स्थित शिक्षक नगर में एक तेज रफ्तार ट्रक ने 10 से 15 लोगों को कुचल दिया। इस सडक़ हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक संभवतः नशे में था और उसने तेज रफ्तार से दोपहिया वाहन चालकों को टक्कर मारी। हादसे के दौरान ट्रक के नीचे फंसी बाइक में आग लग गई और देखते ही देखते ट्रक भी जल उठा। बाइक में फंसे सवार की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। ट्रक ने पहले बाइक चालक को टक्कर मारी और उसे काफी दूर तक घसीटता गया। इसके बाद ट्रक ने एक ई-रिक्शा को भी टक्कर मारी। ई-रिक्शा चालक और उसके अंदर सवार कई लोग बुरी तरह घायल हो गए। इसी प्रकार से दिल्ली के धौला कुआं इलाके में बीएमडब्ल्यू की टक्कर से वित्त मंत्रालय के डिप्टी सेक्रेटरी की मौत हो गई। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज ज्यादातर सडक़ हादसे लापरवाही के कारण होते हैं। हम अक्सर ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करते और वाहन चलाते वक्त जागरूक नहीं रहते। अक्सर यह देखा जाता है कि जल्दबाजी, तेज़ रफ़्तार,वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करना व नशा व नींद सडक़ हादसे का कारण बनता है। इस संदर्भ में माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर अब देश भर में व्यावसायिक वाहनों के चालकों के लिए आठ घंटे ही वाहन चलाने को अनिवार्य किए जाने की प्रक्रिया को देश में बढ़ते सडक़ हादसों को कम करने की चिंता से जोडऩा एक शुभ संकेत कहा जा सकता है। आज विभिन्न चालक लंबी दूरी की ड्राइविंग करते हैं और इसके कारण उन्हें थकान अनुभव होती है।

## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान



डॉ. सोनिया धीरज जैन
(चेयरपर्सन, अशोका फाउंडेशन)

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं अशोक फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉक्टर सोनिया धीरज जैन जब सेवा धर्म बन जाए, तो कार्य केवल दायित्व नहीं रहते वे समाज में सकारात्मक क्रांति बन जाते हैं। मानव सेवा ही धर्म है इसी दिव्य उद्देश्य को लेकर अशोका फाउंडेशन की स्थापना की गई। यह फाउंडेशन एक विचार नहीं, एक चलता-फिरता मिशन है जो शिक्षा, स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, पर्यावरण, बाल विकास, ग्रामीण सशक्तिकरण और युवा उत्थान जैसे अनेक क्षेत्रों में सतत कार्यरत है ।

नेत्र सेवा — रोशनी लौटाने की मुहिम। अंधता निवारण महाअभियान के अंतर्गत निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। आंखों की रोशनी मनुष्य के लिए वरदान से काम नहीं है। फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. सोनिया धीरज जैन के अनुसार प्रोढ़ों और वृद्धजनों की आंखों में मोतियाबिंद की जांच और उपचार के लिए अशोका फाउंडेशन विगत 8 वर्षों से कार्यरत है। मोतियाबिंद के चयनित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन जयपुर में करवाया जाता है। मरीजों को जयपुर ले जाना और लाना, रहना, खाना तथा दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाती हैं। जिन व्यक्तियों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन होता है सात दिन बाद उनकी आंखों की दोबारा जांच होती है तथा एक महीना होने पर उन्हें आंखों की जांच के बाद चश्मा भी दिया जाता है। अब तक फाउंडेशन ने 92 शिविर में 5000 मोतियाबिंद के ऑपरेशन करवाए हैं। अशोका फाउंडेशन मानता है कि समाज की सेवा सिर्फ दान नहीं, बल्कि सम्मान और समर्पण है।

- रूपक शर्मा

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# बवासीर के मरीज इन चीजों से करें परहेज, वरना हो सकता है भारीनुकसान



पाइल्स को आम बोल-चाल की भाषा में बवासीर के नाम से भी जाना जाता है। यह एक दर्दनाक समस्या है। कई लोग इसके बारे में बताने या बात करने से कतराते हैं। इस कारण कई बार स्थिति इतनी बिगड़ जाती है कि ऑपरेशन थिएटर जाना पड़ सकता है। हालांकि पाइल्स एक बार ठीक होने के बाद दोबारा भी हो जाती है लेकिन अगर आप कुछ सावधानियां अपनाएं तो इससे होने वाले दर्द को काफी हद तक कम किया जा सकता है। बवासीर की बीमारी में खान-पान का ध्यान न रखने की वजह से कई तरहों की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। बवासीर की बीमारी में मल के रास्ते के अंदर और बाहर सूजन और मस्से हो जाते हैं। बवासीर की समस्या दो प्रकार की होती है- खूनी बवासीर, मस्से वाली बवासीर। आइए जानते है कि बवासीर के मरीजों को किन चीजों से परहेज करना चाहिए। बवासीर के मरीजों को तीखे और मसालेदार खाने से परहेज करना चाहिए। तीखा और मसालेदार खाने का सेवन करने से बवासीर की समस्या बढ़ सकती है।

फ्राइड फूड्स का सेवन करने से बवासीर की समस्या बढ़ सकती है। बवासीर के मरीजों को फ्राइड फूड्स के सेवन से परहेज करना चाहिए। बवासीर के मरीजों को खान- पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

फ्राइड फूड्स से परहेज करें फ्राइड फूड्स का सेवन करने से बवासीर की समस्या बढ़ सकती है। बवासीर के मरीजों को फ्राइड फूड्स के सेवन से परहेज करना चाहिए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण थोड़ा परेशान रहेंगे। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें।

### वृष
आज का दिन आपके लिए शौक और मौज की चीजों की खरीदारी के लिए रहेगा। आपको अपने वाणी और व्यवहार पर संयम रखना होगा। आपका कोई मित्र आपके लिए खुशखबरी लेकर आने वाला है।

### मिथुन
आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। बुद्धि और विवेक से आप अपने विरोधियों को आसानी से मात देने के कामयाब रहेंगे। आपका कोई पुराना रोग उभर सकता है। आपकी आय के सोर्स बढ़ेंगे।

### कर्क
आज आपकी सेहत बिगड़ सकती हैं, इसलिए आप बाहर के खाने से परहेज रखें और अपने पेट का खास ख्याल रखें। आप बिजनेस में आधुनिक चीजों को शामिल करेंगे, जिससे आपको व्यापार में अच्छा लाभ मिलेगा।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। मित्रों और परिवार के सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

### कन्या
आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। दोस्तों से आपकी खूब पटेगी। आप किसी धार्मिक गतिविधि में भी शामिल हो सकते हैं। पूजा-पाठ में आपका खूब मन लगेगा।

### तुला
आज आप परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताएंगे। आपके मन में कुछ नए विचार आएंगे, जिससे घर का माहौल भी अच्छा रहेगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आप अपने आत्मविश्वास को मजबूत रखें।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए ख़र्चों से भरा रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में कोई नई समस्या आ सकती है। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। बिजनेस में कोई काम आज अटकने की समस्या के कारण लटक सकता है।

### धनु
आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आपको किसी काम को लेकर यदि तनाव था, तो वह भी दूर हो सकता है। आप अपने अधूरे पड़े कामों को पूरा करके राहत की सांस लेंगे।

### मकर
आज आपकी इनकम बेहतर रहेगी, क्योंकि आपका डूबा हुआ धन आपको मिल सकता है। पार्टनरशिप में काम करने का मौका भी आपको मिलेगा। आप नौकरी में यदि बदलाव की योजना बना रहे हैं।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको बिजनेस में कुछ कठिनाईयां तो आएंगी, लेकिन फिर भी आपके काम आसानी से पूरे होंगे।

### मीन
आज आपके जीवनसाथी का आपको पूरा सहयोग मिलेगा और आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात होगी, लेकिन रोजगार की दिशा में प्रयासरत लोगों को मेहनत जारी रखनी होगी

## ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें: जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान




**टोंक, (का.स.)।** सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के वीसी कक्ष में मंगलवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर अभियान के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित हुई। इस दौरान अभियान से जुड़े जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

जिला कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर बुधवार से प्रारंम्भ हो रहे है। ऐसे में सभी विभाग मिलकर शिविरों को सफल बनाने की तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा जो भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ एवं अपने काम को लेकर शिविर में आए, उसे राहत दी जांए। सरकार की मंशा के अनुरुप आमजन को पात्रता के अनुसार योजनाओं के लाभ शिविर के दौरान प्रदान करें।

जिला कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी शिविरों कि मॉनिटरिंग करें। शिविर में आए लोगों की समस्याओं का हाथों हाथ समाधान किया जाएं। अपूर्ण या लंबित रहे कार्यो की विभागवार सूची संधारित की जाएं तथा समयबद्ध तरीके से इन लंबित कामों का निस्तारण किया जाएं। साथ ही अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि शिविर शुरु होने से शिविर की समाप्ति तक अभियान से संबंधित समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी पूरे समय शिविर में उपस्थित रहें, ताकि आमजन को शिविरों का अधिकारिक लाभ मिल सकें। जिला कलेक्टर ने अभियान से जुड़े विभाग के एक-एक अधिकारी से उनकी तैयारियों और कार्य योजना के बारे में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौंकरिया ने विभागवार गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पालनहार एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में अधिक से अधिक लोगों को जोडने का काम सामाजिक न्याय विभाग करेगा। मातृ वंदना योजना की जिम्मेदारी महिला एवं बाल विकास विभाग की रहेगी। श्रम विभाग औजार सहायता योजना तथा आपदा प्रबंधन विभाग जनहानि/पशुहानि निस्तारण से संबंधित कार्य करेगा। जलभराव निकासी एवं बांधों की मरम्मत का कार्य जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित किया जाएगा।

एडीएम ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा लंबित फार्मर रजिस्ट्री को पूर्ण करवाना, किसान गिरदावरी एप का प्रचार एवं अधिक से अधिक डाउनलोड करवाना, लंबित नोटिसों की तामीली, कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार करना, ऑनलाइन पोर्टल पर लंबित नामान्तकरण प्रकरणों, शुद्धिकरण के प्रकरणों एवं लंबित गैर खातेदारी से खातेदारी प्रकरणों का निस्तारण आदि कार्य किए जाएंगे।

बैठक में उपखण्ड अधिकारी टोंक हुक्मीचन्द रोहलानिया, सहायक निदेशक लोक सेवा देवेन्द्र सिंह चौहान, सीएमएचओ शैलेन्द्र सिंह चौधरी, एसीईओ ललित कुमार, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक विरेन्द्र सिंह, वन विभाग के सहायक वन संरक्षक अनुराग महर्षि समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय ज्योतिष शोध संगोष्ठी में ताराचन्द्र शास्त्री किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** गुरु - धाम सालासर बालाजी धाम, चूरू में राष्ट्रीय ज्योतिष शोध संगोष्ठी आयोजित हुई।

नाम के आध्यात्मिक गुरु पंडित नरोत्तम पुजारी ने बताया कि संगोष्ठी में मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान, सवाईमाधोपुर के अध्यक्ष ताराचन्द्र शास्त्री ने ज्योतिष शास्त्र एवं उसके महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर शास्त्री को वेदांग शिरोमणि से नवाजा गया साथ ही अन्य लोगों का भी सम्मान किया गया।

## भाजपा केवल चुनाव जीतने के लिए नहीं करती राजनीति ,समाज को सेवा व समर्पण से जोड़ने का काम करती है:राजेंद्र पराना



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** भाजपा के सेवा पखवाड़ा को लेकर टोंक देहात मंडल कार्यशाला पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराना के आथित्य व मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित हुई।कार्यशाला में मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यशाला में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराना ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चलेगा।उन्होंने कहा कि इस दौरान स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, रक्तदान सहित विभिन्न जनसेवा गतिविधियां होंगी।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव जमीनी स्तर पर कार्य करती है।उन्होंने कहा कि भाजपा केवल चुनाव जीतने के लिए राजनीति नहीं करती, बल्कि समाज को सेवा और समर्पण से जोडने का कार्य करती है।मंडल अध्यक्ष धर्मराज गुर्जर,महामंत्री केदार गुर्जर,पंचायत समिति सदस्य सोनू परिडवाल,उपाध्यक्ष चौथमल जाट,भरोस केवट,रामलाल जाट बम्बोंर,किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कजोड जाजड़ा,पूर्व ओबीसी मोर्चा रामकिशन,रामलखन ,हरिनारायण गुर्जर, बूथ अध्यक्ष,बाबूलाल गुर्जर,रामलाल जी योगी हंसराज गुर्जर सहित अन्य मौजूद रहे।

## विभिन्न ब्रांड की 49 पेटी शराब ले जाते स्कॉर्पियो चालक को पुलिस ने पकड़ा

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** पुरानी टोंक क्षेत्र में विभिन्न ब्रांड की अवैध देशी, अंग्रेजी शराब व बीयर ले जाते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है ।जिसके कब्जे से एक स्कॉर्पियो कार भी जप्त की गई है ।आरोपी के कब्जे से अलग- अलग ब्रांड की कुल 49 पेटी अवैध देशी, अंग्रेजी जप्त की गई।

पुरानी टोंक थानाधिकारी नेमीचंद गोयल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम बस स्टेण्ड के सामने बंबोर रोड़ के समीप गश्त कर रही थी।जिस दौरान एक कार स्कार्पियों के चालक ने पुलिस वाहन को देखकर गाड़ी को तेज गति से मोड़ करके भगाने लगा।पुलिस को शक होने पर सउनि रामगणेश मय जाप्ता के गाड़ी का पीछा करके रुकवा देकर गाड़ी को चैक किया तो कार में अलग-अलग ब्रांड की देशी, अग्रेजी शराब व बीयर की कुल 49 पेटियां मिली। पुलिस ने चालक से इतनी मात्रा में शराब ले जाने का लाईसेंस तथा अनुज्ञा पत्र मांगा तो कोई वैध लाईसेंस या अनुज्ञा पत्र होना नही बताया।

पुलिस ने आरोपी चालक लक्ष्मण गुर्जर पुत्र प्रहलाद (27) निवासी अलीपुरा छाण थाना मेहन्दवास जिला टोंक को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से देशी अंग्रेजी शराब व बीयर की कुल 49 पेटिया व अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त वाहन कार स्कार्पियों को जप्त किया गया । आरोपी के खिलाफ एक्साईज एक्ट में मामला दर्ज करके जॉच शुरू की गई है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर आज स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित होगा। जिला प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर एवं रक्तदान के जिला संयोजक जगदीश अग्रवाल के नेतृत्व मे प्रदेश के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत दिनांक 17 सितंबर बुधवार को प्रातः 9 बजे से सामान्य चिकित्सालय सवाई माधोपुर में स.मा. विधानसभा के पांचों मंडलों का संयुक्त स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा । जिसमें सभी पांचों मंडल के अंतर्गत आने वाले भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, जिला पदाधिकारी, वर्तमान ,एवं पूर्व पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, जनप्रतिनिधि, पार्षद ,पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य,मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## मुनि श्री 108 चिन्मय सागर महाराज का समाधि मरण, चकडोल यात्रा आज निकाली जाएगी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** आचार्य वर्धमान सागर महाराज के संसंघ के 88 वर्षीय 108 मुनि चिन्मय सागर की यम संलेखना में 3 उपवास के बाद 16 सितम्बर को समाधिमरण हो गया।

टोंक में 13 सितंबर 2025से चारों प्रकार के आहार का त्याग करके परम पूज्य वात्सल्य वारिधि पंचम पट्टाधीश आचार्य वर्धमान सागर महाराज के निर्यापकत्व में मुनि चिन्मय सागर का 3 उपवास के बाद 16 सितंबर को आचार्य श्री के श्री मुख से अरिहंत सिद्ध सुनते उच्चारण करते हुए सम्यक समाधि मरण हुआ। जिनकी चाकडोल यात्रा 17 सितंबर को प्रातः 7 बजे जैन नसिया से रवाना होकर इसूजू गारमेंट्स के सामने जाएगी।

## नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधारों से कर प्रणाली में आएगी पारदर्शिता

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर/ गंगापुर सिटी(राकेश शर्मा)।** जिले में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में 'नेक्स्ट जेन जीएसटी' सुधारों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा बताया कि कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मान सिंह गुर्जर , भाजपा के जिला महामंत्री विनोद अटल, नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म के जिला संयोजक दीपक सिंघल, जिला सह संयोजक सी ए हेमंत गुप्ता उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता में नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू किए गए जीएसटी सुधारों को आमजन के हित में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए सराहना की।

जिला अध्यक्ष मान सिंह गुर्जर ने कहा कि कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाकर आवश्यक वस्तुओं पर कर दर घटाई गई है। साबुन, शैम्पू, टूथपेस्ट जैसी रोजमर्रा की चीजें सस्ती हुई हैं, जिससे किसान, विद्यार्थी और परिवारों को सीधे लाभ मिल रहा है। साथ ही व्यापारियों को अनुपालन में सुविधा और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण मिलेगा।

जीएसटी अभियान संयोजक ने बताया कि ट्रैक्टर, टायर, कीटनाशक तथा सिंचाई उपकरण पर कर घटाकर 5त्न कर दिया गया है, जिससे खेती की लागत कम होगी। स्वास्थ्य व जीवन बीमा से जुड़ी सेवाओं और शिक्षा सामग्री पर कर समाप्त कर जनहित को सर्वोपरि रखा गया है। उन्होंने आमजन से इस सुधार को समझकर लाभ उठाने का आग्रह किया। भाजपा जिला महामंत्री विनोद अटल ने कहा कि यह सुधार 'एक देश, एक कर' का सपना साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। पहले जटिल कर प्रणाली अब दो सरल दरों 5 प्रतिशत और 18प्रतिशत में समेट दी गई है। इससे कर संग्रह बढ़ेगा, व्यापार सुगम होगा और आम परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी।

जिला सह संयोजक हेमंत गुप्ता ने कहा कि यह निर्णय जनहित और पारदर्शिता की दिशा में बड़ा कदम है। इससे न केवल बड़े व्यापारियों बल्कि छोटे दुकानदारों, ग्रामीण किसानों और छात्रों को भी राहत मिलेगी।

जीएसटी संग्रह में अभूतपूर्व वृद्धि का भी उल्लेख करते हुए बताया गया कि पहले जीएसटी संग्रह लगभग 11 लाख करोड़ था, जो अब 2024-25 में बढक़र 22.8 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया है। अप्रैल से अगस्त 2025 तक ही 10.4 लाख करोड़ का संग्रह हो चुका है। कर आधार बढऩे से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

प्रेस वार्ता का निष्कर्ष निकालते हुए नेताओं ने कहा कि 'नेक्स्ट जेन जीएसटी' सुधारों से कर प्रणाली में पारदर्शिता आएगी, आवश्यक वस्तुएँ सस्ती होंगी, किसानों की लागत घटेगी और शिक्षा व स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाएँ आमजन के लिए अधिक सुलभ बनेंगी। जिले में हर परिवार तक इस अभियान का संदेश पहुँचाया जाएगा ताकि आम नागरिक आत्मनिर्भर बन सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह सुधार जनहित और आर्थिक विकास का नया अध्याय साबित होगा।

## शहरी सेवा शिविर 2025 : आज से आयोजित होगें वार्डवार शिविर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** नगरीय निकायों द्वारा आगामी 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक शहरी सेवा शिविर 2025 का आयोजन किया जाएगा। समस्याओं को चिह्नित करने एवं प्राप्त आवेदनों का निस्तारण करने के लिए वार्डवार प्रातः 09:30 बजे से सांय 6 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर काना राम ने बताया कि ''शहरी सेवा शिविर-2025'' के तहत आमजन से प्राप्त विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सवाई माधोपुर जिले में नगर परिषद सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी एवं नगर पालिका बामनवास, बौंली, खण्डार, वजीरपुर के समस्त वार्डों में निर्धारित तिथि वार शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

नगर परिषद आयुक्त डॉ. बनवारी लाल मीना ने बताया कि नगर परिषद सवाई माधोपुर में नोडल राजस्व अधिकारी चन्द्रकलां वर्मा एवं सहायक नोडल सहायक नगर नियोजक मानिक और सहायक अग्निशमन अधिकारी कृष्णकांत मीना को नियुक्त किया गया है। उन्होने बताया कि 17 एवं 19 सितंबर को वार्ड संख्या 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 57, 58, 59, 60 के शिविर गीता देवी अग्रवाल बालिका माध्यमिक विद्यालय आदर्श नगर में आयोजित किए जाएंगे। वहीं नगर परिषद गंगापुर सिटी में 17 एवं 18 सितंबर को वार्ड संख्या 1 से 5 के शिविर कार्यालय जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग गंगापुर सिटी में, 19 एवं 20 सितंबर को वार्ड संख्या 6 से 10 के शिविर अम्बेडकर धर्मशाला गंगापुर सिटी में आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार नगर पालिका बामनवास में 17 एवं 18 सितंबर को वार्ड संख्या 1 एवं 2 के शिविर गुमला तालाब हनुमान मंदिर के पास, 19 एवं 23 सितंबर को वार्ड संख्या 3 एवं 4 के शिविर पुराना स्कूल वार्ड नंबर 4 में आयोजित किए जाएंगे। वहीं नगर पालिका बौंली में 17 से 19 सितंबर को वार्ड 1 एवं 2 के शिविर झरझरी बाग बौली, 23 एवं 24 सितंबर को वार्ड 3 से 5 के शिविर इमाम बाड़ा बौंली में आयोजित किए जाएंगे।

## शहरी सेवा शिविरों की तिथियों में हुआ परिवर्तन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** नगरपालिका के तत्वावधान में राज्य सरकार और जिला कलक्टर के आदेशो की पालना में उपखण्ड के निर्देशन में शहर चलो अभियान 2025 के शहरी सेवा शिविरों सेवा शिविरों का आयोजन अब 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक होगा। अधिशासी अधिकारी हंसराज जाट ने बताया कि वार्ड नं. 1 और 2 के लिए 17 सितम्बर को, वार्ड नं. 3 और 4 के लिए 18 को, वार्ड नं. 5 और 6 के लिए 19 को, वार्ड नं. 7 और 8 के लिए 23 को, वार्ड नं. 9 और 10 के लिए 24 को, वार्ड नं. 11 से 12 तक के लिए 25 को, वार्ड नं. 13 और 14 के लिए 26 को, वार्ड नं. 15 और 16 के लिए 29 को, वार्ड नं. 17 और 18 के लिए 01 अक्टूबर को . वार्ड नं. 19 और 20 के लिए 3 को 21 और 22 के लिए 6 को 23 और 24 के लिए 7 को 25 और 26 के लिए 8 को 27 और 28 के लिए 9 को 29 और 30 के लिए 10 को 31 और 32 के लिए 13 को 33 और 34 के लिए 14 को 35 और 36 के लिए 15 को 37 और 38 के लिए 16 को तथा वार्ड नंबर 39 और 40 के लिए 17 अक्टूबर को शहरी सेवा शिविरों का आयोजन होगा। शिविरों का समय सुबह 10 से शाम 5.30 तक रहेगा।

## सेवा पखवाड़े के कार्यक्रमों को लेकर चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा के दूदू रोड स्थित होटल लखदातार में आयोजित भाजपा शहर मंडल की बैठक में बुधवार से शुरू होने वाले सेवा पखवाड़े के कार्यक्रमो को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बीति देर रात्रि शहर महामंत्री सुनील सैनी की अध्यक्षता में भाजपा शहर मंडल के कार्यक्रमो की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार जैन एडवोकेट ने बताया कि राष्ट्रीय भाजपा संगठन के निर्देशानुसार देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस को लेकर समूचे देश में भाजपा संगठन के तत्वावधान में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसका शुभारम्भ बुधवार से होगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान पौधारोपण, स्वच्छता अभियान सहित रक्तदान शिविरो का आयोजन होगा। इन सभी कार्यक्रमो में भाजपा कार्यकर्ताओं को भाग लेकर इन्हें सफल बनाने का संकल्प लेने की आवश्यकता है।

बैठक में जिला आयोजना समिति सदस्य एवं पार्षद डॉ. अंकित जैन ने कहा कि देश ्रयशस्वी प्रधानमंत्री मोदी ने देश को नई दिशा व दशा दी है। मोदी के नेतृत्व में पिछले दस सालो से केन्दीय सरकार ने देश का चहुमुंखी विकास करने के साथ साथ समूचे संसार में देश की साख बढ़ाई है। जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। इन सबके चलते भाजपा संगठन की ओर से प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस पर सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है।

भाजपा के संगठन के सभी कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुशासित कार्यकर्ताओं को पखवाड़े के सभी कार्यक्रमो में भाग लेकर इन्हें सफल बनाना चाहिए। बैठक में दशरथ मुंशी राजेन्द्र सेन, बजरंग सैनी, सुरेश जानकीपुरा, अजय सैनी, राजेश मेघवंशी, कमल सैनी, बाबूलाल नावरिया सहित अन्य कई भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजुद रहे। अंत में बैठक की अध्यक्षता कर रहे सैनी ने सभी का आभार प्रकट किया।

### पुलिस ने बस में सवार सभी यात्रियों को निकाला सकुशल

## चलती हुई रोडवेज की बस में अचानक लगी आग,सवारियों में मचा कोहराम

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** चैनपुरा फाटक पर जयपुर से निवाई की ओर आ रही एक रोडवेज की बस में अचानक आग लग गई। जिससे सवारियों में अफरा-तफरी एवं कोहराम मच गया।

आग लगने की सुचना पर थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा मय जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और बस में सवार यात्रियों को बस मे से बाहर निकलवाकर दमकल को सूचना दी और फाटक पर स्थित पानी की टंकी व ट्यूबवेल को चलाकर राहगीरों की मदद से दमकल पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि मंगलवार की शाम करीब साढे 6 बजे जयपुर से वाया निवाई टोंक होते कोटा जाने वाली चलती हुई रोडवेज की बस में रेलवे चैनपुरा फाटक पर वायरिंग शॉट होने से अचानक आग लग गई। जिसके दौरान बस में बैठी हुई सवारिया चिखने लगी और अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बस में बैठी हुई करीब 30 सवारी, चालक एवं कंडक्टर को सकुशल बाहर निकालकर फाटक पर लगी हुई पानी की टंकी व ट्यूबवेल को चलाकर राहगीरों की मदद से आग पर काबू किया। घटना के दौरान पुलिस ने क्षतिग्रस्त रोडवेज की बस को क्रेन की सहायता से हटवाया और यातायात को सुचारू करवाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि बस में बैठी हुई सभी सवारिया सुरक्षित है। जिनको दूसरे वाहनों से अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचाया गया है।

## आज कलम आपके हाथ में तो कल मत हमारे हाथ में भी होगें

### समाज ने प्रकट किया गहरा आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** विजयवर्गीय समाज का प्रतिनिधि नगरपालिका कार्यालय में पालिका उपाध्यक्ष पवन मेन्दवास्या से मिलकर पिछले 15 वर्षो से कार्यरत कार्मिक मोहित विजय के खिलाफ लगातार झूठी शिकायते करने व दबाब बनाने को लेकर आक्रोश प्रकट किया।
समाज के कृष्ण बिहारी विजय, रमेशचन्द चांदसेन, सत्यनारायण डूंगरीवाले, विष्णु राजपुरा , राकेश बढ़ारड़ा सहित अन्य सामाजिक बंधु पालिका उपाध्यक्ष से मिले। इस दौरान समाज के प्रतिनिधिमंडल ने पालिका कार्मिक मोहित विजय के खिलाफ पिछले तीन सालो से की जा रही अर्गनल व झूठी शिकायते करने, लगातार दबाव बनाने को लेकर गहरा आक्रोश प्रकट किया। प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह करते हुए कहा कि किसी को रोजगार देना बहुत मुश्किल है लेकिन मिले हुए रोजगार को छीनना आसान है। ऐसा नहीं होना चाहिए।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि आज कलम आपके हाथ में है लेकिन कल वोट हमारे हाथ में होगें। प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह करते हुए कहा कि शिकायतो व दबाव का काम तुरन्त प्रभाव से बंद कर आपस में मिल बैठकर मामले का समाधान करें। समाजबंधुओं ने यह भी कहा कि आप और आपके साथी पार्षदो को भी इस संदर्भ में रोकने का प्रयास कर समाज में व्याप्त रोष को कम कर सहयोग की भावना का प्रदर्शन करें।

## प्रागपुरा में पेड़-पौधों को नुकसान, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

**बढ़ता राजस्थान, प्रागपुरा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के ढाणी मिश्रावाली में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें किसी अज्ञात व्यक्ति ने स्थानीय निवासी दिनेश कुमार ब्रजेश के घर के आसपास लगे पेड़-पौधों पर केमिकल और तेजाब का छिडक़ाव कर दिया। इस घटना में करीब तीन से चार पेड़ जलकर नष्ट हो गए। दिनेश कुमार ब्रजेश ने बताया कि उन्होंने अपने मकानों के आसपास विभिन्न किस्म के पेड़-पौधे लगाए थे, जो न केवल घर की सुंदरता बढ़ाते थे, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ पहुंचाते थे। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।उन्होंने यह भी कहा कि पेड़-पौधे हमारे पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने और ऑक्सीजन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए उनकी सुरक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि वह पेड़-पौधों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करे।



## टीकाकुंड हनुमान मंदिर पर 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक नवरात्रा महोत्सव का आयोजन

**बढ़ता राजस्थान, हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** मां दुर्गा पूजा महोत्सव समिति द्वारा टीकाकुंड हनुमान मंदिर में 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 24वां शारदीय नवरात्रा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। समिति की बैठक शनिवार रात को आयोजित हुई, जिसमें प्रतिमा स्थापना, कलश यात्रा और नौ दिन चलने वाले दैनिक पूजा कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई। समिति अध्यक्ष अशोक पाठक और संयोजक शिव प्रकाश पटवा ने बताया कि मोहन नगर स्थित दुर्गा माता शीश महल से विधिवत कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए डीजे और बैंड के साथ टीकाकुंड मंदिर पहुंचेगी। आचार्य विकास शास्त्री द्वारा नौ दिन तक विधिवत पूजा-अर्चना कराई जाएगी।

आयोजन स्थल पर भव्य सजावट और पंडाल की तैयारियां 19 सितंबर से शुरू होंगी, जिसमें लगभग 500 मीटर तक रंग-बिरंगे इलेक्ट्रॉनिक बल्ब से सजावट की जाएगी। रोजाना सुबह और शाम महाआरती के बाद प्रसाद वितरण होगा, जबकि छप्पन भोग और फूल बंगला झांकी भी सजाई जाएगी। बैठक में समिति के अध्यक्ष, संयोजक, पूर्व अध्यक्ष, महामंत्री, सह मंत्री और कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने महोत्सव की तैयारियों की जिम्मेदारियां तय कीं।

## प्रमोद कुमार उर्फ पिंटू चौधरी बने हिंडौन ब्लॉक अध्यक्ष, युवा कांग्रेस में जताया उत्साह

**बढ़ता राजस्थान,हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राजस्थान युवा कांग्रेस प्रभारी विकास चिकारा, कपिल देसाई, ज्ञानेश शुक्ला, चन्द्रप्रकाश राज के निर्देशन में, प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु पुनिया एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में प्रमोद कुमार उर्फ पिंटू चौधरी को हिंडौन ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने की सूचना पर कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल देखा गया। इस अवसर पर हिंडौन विधायक अनीता जाटव, महू मंडल अध्यक्ष डॉ. भूरसिंह क्यारदा, रघुराज मीना, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश झारेड़ा, दानसिंह खेडिया, इंद्राज चांदन गांव, राजू गुर्जर और निहाल भगत सहित अन्य वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बीसीआई चैप्टर-3 की पहली आधिकारिक मीटिंग आज उदयपुर में

**बढ़ता राजस्थान,उदयपुर (नि.स.)।** उदयपुर शहर के व्यापारिक परिदृश्य में नई ऊर्जा का संचार होने जा रहा है। भारत के उभरते बिजनेस नेटवर्किंग ग्रुप, बिजनेस सर्कल इंडिया (बीसीआई) चैप्टर-3 की पहली आधिकारिक बैठक 17 सितंबर को उदयपुर मैरियट होटल में आयोजित होगी। यह कार्यक्रम शाम 4 बजे से 6 बजे तक चलेगा, जिसमें उद्यमी एक-दूसरे से जुड़ेंगे और अपने व्यवसाय को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। बीसीआई के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि उनका लक्ष्य उद्यमियों को एक मजबूत मंच प्रदान करना है, जहाँ वे अनुभव साझा कर सकें, नए अवसर खोज सकें और आपसी सहयोग से आगे बढ़ सकें। अध्यक्ष अंशुल मोगरा ने बताया कि इस बैठक को रोचक बनाने के लिए बेस्ट इंट्रोडक्शन, बेस्ट टेस्टिमोनियल और बेस्ट ड्रेस जैसे सेगमेंट रखे गए हैं, ताकि सदस्य एक-दूसरे को बेहतर ढंग से जान सकें और अपने व्यवसाय को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकें। सचिव गगन भट्ट ने बताया कि इस मीटिंग में शामिल होने से उद्यमियों को कई महत्वपूर्ण लाभ होंगे। संयुक्त सचिव रुही ने कहा कि बीसीआई के माध्यम से सदस्य अपने व्यवसाय को प्रमोट करने, पहचान मजबूत करने और स्थायी व्यावसायिक रिश्ते बनाने का अवसर पाएंगे। आयोजन समिति में अध्यक्ष अंशुल मोगरा, सचिव गगन भट्ट, संयुक्त सचिव रुही सुराना और कोषाध्यक्ष वात्सल्य सोनी शामिल हैं।



## रोटरी क्लब उदयपुर ने स्कूली बच्चों को वितरित की स्टेशनरी और आवश्यक वस्तुएं

**बढ़ता राजस्थान, उदयपुर (नि.स.)।** रोटरी क्लब उदयपुर ने आज कैलाशपुरी गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 100 जरूरतमंद विद्यार्थियों को सामुदायिक सेवा के तहत आवश्यक वस्तुएँ और स्टेशनरी प्रदान की। क्लब अध्यक्ष दीपक मेहता ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों को सुविधाएँ उपलब्ध कराना और विद्यालय को सक्षम बनाना है। बच्चों को लंच बॉक्स, ज्यामिति बॉक्स और चप्पलें दी गईं ताकि उन्हें पौष्टिक भोजन, गणित और ज्यामिति की पढ़ाई में मदद और पैरों में सुरक्षा और आराम मिल सके।

## प्रेरणा गर्ल्स कॉलेज में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए प्रेशर पार्टी आयोजित

**बढ़ता राजस्थान, साहवा (कृष्ण कुमार)।** कस्बे के प्रेरणा गर्ल्स कॉलेज में सोमवार को नवप्रवेशित छात्राओं के लिए प्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेमेस्टर प्रथम में प्रवेश लेने वाली छात्राओं का अध्ययनरत छात्राओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम जोशी एवं अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थानी गायन की बेहतरीन प्रस्तुतियाँ दीं।



### सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और जीवन मूल्यों को दिया बढ़ावा

# आरसीएम की रूपांतरण यात्रा को भीलवाड़ा में मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (अमित शर्मा)। देशव्यापी रूपांतरण यात्रा की शुरुआत करते हुए आरसीएम ने अपने स्थापना स्थल भीलवाड़ा से एक भव्य और प्रेरणादायी आयोजन किया। इस उत्सव में आरसीएम से जुड़े हजारों एसोसिएट बायर्स व साझेदारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कंपनी की यह 100 दिवसीय यात्रा 17,000 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 75 शहरों में 25 भव्य कार्यक्रमों का आयोजन करेगी।

कार्यक्रम का उद्देश्य आरसीएम के मूल सिद्धांत सेवा, स्वास्थ्य और संस्कार को पुनः सशक्त करना और समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर महिलाओं व युवाओं को आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करना है। आयोजन में उन महिला अचीवर्स, युवा लीडर्स और समाजसेवियों की प्रेरक कहानियाँ प्रस्तुत की गईं, जिन्होंने आरसीएम प्रणाली के माध्यम से अपने जीवन में बदलाव लाया है। इस अवसर पर आरसीएम के संस्थापक तिलोकचंद छाबड़ा के जीवन पर आधारित पुस्तक 'मनसा वाचा कर्मणा - एक कर्मयोगी की जीवनी' का विमोचन भी किया गया। इस पुस्तक में उनके जीवन के संघर्ष, मूल्यों और कर्मयोगी दृष्टिकोण को विस्तार से दर्शाया गया है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा की उपस्थिति ने आयोजन में चार चांद लगा दिए। वे थिएटर से लेकर हिंदी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मराठी और बंगाली फिल्मों तक में अपने सशक्त अभिनय के लिए जाने जाते हैं और राणा ने कहा कि कला, अनुशासन और जीवन मूल्यों के प्रति समर्पण ही प्रगति की कुंजी है। आरसीएम के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ छाबड़ा ने कहा कि भीलवाड़ा से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया हमारे जन-आधारित अभियान की शक्ति को दर्शाती है। यह यात्रा हर घर को बेहतर स्वास्थ्य, आर्थिक अवसर और मजबूत मूल्यों से सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है।प्रियंका अग्रवाल (ज्ञमलैवनस की संस्थापक) ने कहा कि यह यात्रा केवल उत्सव नहीं बल्कि एक सामाजिक संकल्प है हम हर महिला को गरिमा, शक्ति और आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने का अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि वे भी नये भारत के निर्माण में पुरुषों के समान योगदान दे सकें।सीईओ मनोज कुमार ने कहा कि भीलवाड़ा में दिखा उत्साह और जोश इस अभियान को देशभर में लाखों लोगों तक पहुँचाने की ऊर्जा देगा। गौरतलब है कि वर्ष 2000 में एक वस्त्र उत्पाद से शुरू हुई आरसीएम आज 400 से अधिक उत्पादों की श्रृंखला प्रस्तुत करने वाला एक विशाल उद्यम बन चुकी है। इसके देशभर में 20 लाख से अधिक सक्रिय एसोसिएट बायर्स, 10,000 से अधिक रिटेल स्टोर्स, 170 डिपो तथा भीलवाड़ा, गुवाहाटी और रुडक़ी स्थित तीन अत्याधुनिक निर्माण इकाइयाँ हैं। कंपनी का समर्पित अनुसंधान एवं विकास विभाग उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करता है। सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत आरसीएम आरसीएम सेवा पहल के माध्यम से मूल्य आधारित शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, जल व ऊर्जा संरक्षण, व्यसन मुक्ति जागरूकता और रक्तदान शिविर जैसे क्षेत्रों में भी लगातार योगदान दे रही है।

रूपांतरण यात्रा का भीलवाड़ा से हुआ शुभारंभ न केवल आरसीएम के विकास के नए अध्याय की शुरुआत है, बल्कि यह समाज को स्वस्थ, आत्मनिर्भर और मूल्यपरक भविष्य की दिशा में प्रेरित भी कर रहा है।




## भांकरी में मोर का सफल रेस्क्यू, आधे घंटे की मेहनत के बाद सुरक्षित बाहर निकालना

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** ग्राम भांकरी में एक मोर की जान बचाने का मामला सामने आया है। मंगलवार को बागवाली कुई के सामने नीम के वृक्ष पर बैठा मोर अचानक नीचे गिर गया और पेड़ के नीचे फैले गंदे पानी और कीचड़ में फंस गया। स्थानीय ग्रामीणों ने यह सूचना एलएसए गोविंद भारद्वाज को दी, जिन्होंने तुरंत घटना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों और डॉ. गौरीशंकर शर्मा के सहयोग से मोर का बचाव कार्य शुरू किया। भारद्वाज और डॉ. शर्मा की टीम ने कीचड़ वाले दलदल में उतरकर राष्ट्रीय पक्षी मोर को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास किया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मोर को सुरक्षित बाहर निकाला गया। भारद्वाज ने बताया कि पेड़ से गिरने से मोर को कुछ आंतरिक और बाहरी चोटें आई थीं, जिनका प्राथमिक उपचार किया गया है और वर्तमान में उसकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। ग्रामीणों ने इस मानवीय प्रयास की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्य समाज में करुणा और संवेदना का संदेश देते हैं। डॉ. गौरीशंकर शर्मा और गोविंद भारद्वाज की पहल को हर किसी ने प्रेरणादायक बताया।



## इनरव्हील दीवास ने 'अपना घर आश्रम' में बांटी खुशियां

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** इनरव्हील क्लब उदयपुर दीवास ने समाजसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 'अपना घर आश्रम' में खाद्य सामग्री और वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर क्लब की पूर्व अध्यक्ष नयना जैन ने बताया कि दीवास की सदस्याओं ने आश्रम के प्रभुजनों के साथ समय व्यतीत किया और उन्हें परिवार जैसा स्नेह प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत भजन-कीर्तन और मनोरंजन से हुई, जिसने सभी उपस्थित लोगों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। क्लब की सदस्याओं ने प्रभुजनों को सूखा नाशते के पैकेट जैसे टोस्ट, नमकीन, मठरी आदि वितरित किए। घर वापसी के समय प्रभुजनों को कुर्ता-पायजामा भी भेंट किए गए।

इस सेवा कार्य में क्लब की सचिव शशि मेहता, स्नेहा सिसोदिया, जयश्री जैन, ललिता बापना, विनीता पामेचा, प्रीति श्रीमाली, पायल जैन सहित कई सदस्याएँ सक्रिय रहीं। क्लब सदस्याओं ने संदेश दिया कि समाज के वंचित वर्गों के प्रति संवेदनशील होना ही सच्ची सेवा है और ऐसे कार्य निरंतर प्रेरणा देते हैं।




## दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में एनएसयूआई पैनल को विजयी बनाने में राजेंद्र यादव का सक्रिय योगदान

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** क्षेत्र निवासी और एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश महासचिव राजेंद्र यादव को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें गुरु गोविंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स में प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया है और वे निरंतर एनएसयूआई पैनल को विजयी बनाने के लिए कोटपूतली व पावटा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ प्रचार-प्रसार अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। एनएसयूआई के वरिष्ठ नेताओं में राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, प्रभारी अखिलेश यादव और प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ भी इस अभियान में सक्रिय हैं। कोटपूतली और पावटा क्षेत्र के छात्र नेता विनय किराड़, पार्षद उमेश आर्य, बजरंग रावत, जितु आर्य, देशराज किराड़ और दिव्य ज्योति भी प्रचार अभियान में भाग ले रहे हैं। राजेंद्र यादव ने संगठन में कई बार चुनाव प्रभारी के रूप में काम किया है और उनका अनुभव इस बार छात्र संघ चुनाव में एनएसयूआई पैनल के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। उनकी सक्रियता और रणनीति के तहत कार्यकर्ताओं ने प्रचार को और तेज कर दिया है।



## खीपकापुरा में राजकीय भूमि अतिक्रमण को हटाने के लिए ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** खीपकापुरा के ग्रामीणों ने मंगलवार को चरागाह और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर शेरपुर की नायब तहसीलदार हरिशंकर शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि कई प्रभावशाली व्यक्तियों ने गांव की चरागाह, सिवायचक भूमि और विद्यालय की भूमि पर कब्जा कर लिया है, जिससे उन्हें अपने मवेशियों को चराने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि विद्यालय के खेल मैदान और अन्य सरकारी खसरा संख्याओं जैसे 6414/6411, 6415/6411, 215/6152, 219/6151, 222/6164 पर दबंग अतिक्रमियों ने कब्जा कर लिया है। इसके अलावा, आम रास्ता भी निजी खेतों में मिलाकर गायब कर दिया गया है। ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार से शीघ्र अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वाले ग्रामीणों में अनूप सिंह, कुमेरसिह, राजाराम, नाहर सिंह, गोविंद, राकेश, रमेश, दीपू, ज्ञान सिंह, कलुआ, राजेंद्र, देशराज, लखन, श्याम, जगदीश, प्रकाश, कन्हैया, मनोज, योगेंद्र, रबी, पप्पू, भरतलाल सहित कई अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



## ऐश्वर्या कॉलेज में 'ऐश्वर्या प्रोत्साहन अवॉर्ड 2025' का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** ऐश्वर्या कॉलेज में ऐश्वर्या प्रोत्साहन अवॉर्ड समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों के अमूल्य योगदान को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उदयपुर संभाग के 45 विद्यालयों के 300 से अधिक शिक्षकों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। ?कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, अतिरिक्त आयुक्त देवस्थान विभाग, गीतेश श्री मालवीय, गेस्ट ऑफ ऑनर , एमडी एनआईसीसी, डॉ. स्वीटी छाबड़ा, और स्पेशल गेस्ट ,एमडी अरुणोदय हैंडीक्राफ्ट, पुष्पेंद्र सिंह और एमडी रुक्मणि आर्ट्स, संतोष कालरा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रेखा शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया और कॉलेज का परिचय दिया। कार्यक्रम प्रभारी शमील शेख ने बताया कि यह अवॉर्ड समारोह शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों के योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि मालवीय ने अपने संबोधन में शिक्षकों को समाज का आधार स्तंभ बताते हुए कहा कि ऐसे समारोह शिक्षकों को और अधिक प्रेरित करते हैं। ?अतिथि डॉ. स्वीटी छाबड़ा ने कहा कि शिक्षक हमारे जीवन को सही दिशा देते हैं। वे हमें सिखाते हैं कि कैसे चुनौतियों का सामना करना है, कैसे हार को जीत में बदलना है, और सबसे महत्वपूर्ण, कैसे एक बेहतर इंसान बनना है। इस कार्यक्रम में उदयपुर संभाग के विद्यालयों एसेंट इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भूपाल नोबल्स पब्लिक स्कूल , भूपाल नोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बोहरा यूथ पब्लिक स्कूल, बोहरवाड़ी, बोहरा यूथ पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ,खांजी पीर ,सेंट्रल अकैडमी स्कूल, सेक्टर 3, सेंट्रल अकैडमी स्कूल, सेक्टर 5 ,गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भूपालपुरा, गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 11, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मनवा खेड़ा, गवर्नमेंट स्पेशल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ,रेजिडेंसी गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चिकलवास, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, देबारी, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, धार, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, घास, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गढिय़ा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कालीवास, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कंथारिया, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नोएडा, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ओबरा कला, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, थूर, गवर्नमेंट अपर प्राइमरी स्कूल, बाघोल, गवर्नमेंट अपर प्राइमरी स्कूल पटिया, गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रेजिडेंसी , गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोगुंदा, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मदार, गुरु नानक पब्लिक स्कूल, शास्त्री सर्कल, हैप्पी होम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, प्रताप नगर, इंडो अमेरिकन पब्लिक स्कूल, महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल, गिरवा, महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल, बड़ी ,महिला मंडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पीएम श्री फतेह सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजस्थान महिला परिषद गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, सेंट जॉन नोबल सेकेंडरी स्कूल, सेंट मैथ्यू सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द स्टडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द यूनिवर्सल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ,विद्या भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, देवाली, गवर्नमेंट स्कूल, छोटी उन्दरी, एसआरएमजीएसएस स्कूल, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शोभागपुरा के शिक्षकों का सम्मान किया गया।



## नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आज से भाजपा मनाएगी 'सेवा पखवाड़ा', कृपलानी ने ली तैयारियों की बैठक



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पूरे देश में 'सेवा पखवाड़ा' के रूप में मनाएगी। इसी कड़ी में निम्बाहेड़ा-छोटीसादड़ी विधानसभा क्षेत्र में भी विविध सेवा कार्यों के आयोजन की रूपरेखा तय की गई।

इस संबंध में पूर्व नगरीय विकास मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्रीचंद कृपलानी ने भाजपा कार्यालय पर सोमवार देर शाम बैठक ली। बैठक में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, प्रतापगढ़ जिला अध्यक्ष महावीर सिंह कृष्णावत, छोटीसादड़ी के पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, ग्रामीण पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिम मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, कनेरा मंडल अध्यक्ष जुगलकिशोर धाकड़, छोटीसादड़ी नगर अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, ग्रामीण पूर्वी मंडल अध्यक्ष विक्रम कुमावत, पश्चिम मंडल अध्यक्ष लोकेश धाकड़ और नगर महामंत्री अजीत दुग्गड़ सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े के दौरान विधानसभा क्षेत्र में मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ, भजन-कीर्तन, गौ सेवा, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, चिकित्सालयों में रोगियों को भोजन वितरण जैसे विभिन्न सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे। विधायक कृपलानी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मिलकर समन्वय के साथ इन आयोजनों को व्यापक स्तर पर सफल बनाएं, ताकि प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों के रूप में यादगार बन सके।

## श्रमण संघीय आचार्य डॉ. शिवमुनि के जन्मोत्सव पर कल सामूहिक एकासन एवं तप आराधना

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** श्रमण संघीय आचार्य डॉ. शिवमुनि म.सा. के 84वें जन्मोत्सव को पूज्या शासन प्रभाविका कंचन कंवर म.सा.,डॉ. सुलोचना म.सा. एवं डॉ. सुलक्षणा म.सा. के सानिध्य में श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन के तत्वावधान में नगर में स्थित अंबेश सौभाग्य भवन में मनाया जायेगा।जिसमे 18 सितंबर को तीन-तीन सामायिक के साथ सामूहिक एकासन तप आराधना होगी।सामुहिक एकासन के लाभार्थी राजेश कुमार,ईशान कुमार खाब्या परिवार की ओर से है।साथ ही धर्मसभा में महासाध्वी कंचन कंवर म.सा. द्वारा आचार्य डॉ. शिवमुनि म.सा. के ध्यान,तप,साधना सहित प्रेरणादायी जीवन पर प्रकाश डाला जायेगा। उक्त कार्यक्रम को लेकर श्रमण संघ कपासन अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया द्वारा श्रावक-श्राविकाओं से समय पर पधारकर प्रवचन,दर्शन वंदन,एकासन तप सामायिक व मंगल पाठ का लाभ लेने का आग्रह किया गया है।साथ ही मंगलवार को घंटाकर्ण महावीर का जाप हुआ।जिसकी प्रभावना भीलवाड़ा निवासी मनोहरलाल मेहता की ओर से रही।इस दौरान शंकरलाल लोढा,अनील बाघमार,अशोक बापना, रूपलाल डांगी,प्रकाश आंचलिया,अशोक चण्डालिया, मदनलाल दुग्गड़ आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जे. के. सीमेंट वर्क्स निम्बाहेड़ा में उत्साहपूर्वक मनाया गया अभियंता दिवस




बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** जे. के. सीमेंट वर्क्स, निम्बाहेड़ा में अभियंता दिवस बड़े उत्साह और गरिमामय माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल का विभाग प्रमुखों ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद मुख्य अतिथियों एवं सभी अभियंताओं ने भारत रत्न मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर टेक्निकल हेड मुरली मनोहर लड्ढा, राजेश सोनी तथा माइन हेड यतेन्द्र शर्मा ने प्रेरक संबोधन देते हुए अभियंताओं को अभियंता दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के तहत दोनों इकाइयों — निम्बाहेड़ा व मांगरोल — के विभिन्न विभागों (प्रोसेस, मैकेनिकल, डब्ल्यूएचआरएस, विद्युत, इंस्ट्रूमेंटेशन, पर्यावरण व माइन) द्वारा तकनीकी प्रस्तुतियां दी गईं। इन प्रस्तुतियों में न्यूनतम संसाधनों से तकनीकी सुधार कर दक्षता और सटीकता बढ़ाने के प्रयासों को प्रदर्शित किया गया।

यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल ने अभियंताओं की नवाचार भावना की सराहना करते हुए उन्हें अभियंता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अभियंता कंपनी की प्रगति के मूल स्तंभ हैं। कार्यक्रम के दौरान राजेश सोनी ने गीत प्रस्तुत कर माहौल को जीवंत कर दिया।

प्रतिभागियों को दो श्रेणियों — सर्वश्रेष्ठ प्रस्तोता व सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति — में सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में कॉमर्शियल हेड रावेन्द्र गर्ग, एचआर हेड प्रभाकर मिश्रा व माइन हेड यतेन्द्र शर्मा शामिल रहे।

## ब्यावर में चोरों का आतंक - दो सूने मकानों से चांदी, नकदी और बर्तन चोरी

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर शहर के मसूदा रोड स्थित तंवर कॉलोनी में रात चोरों ने दो सूने मकानों को निशाना बनाकर बड़ी वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, चोर पहले मकान मालिक प्यारेलाल जाजोरिया के घर की छत के रास्ते दाखिल हुए। घर के नीचे कमरे में बुजुर्ग महिला सो रही थी, जबकि पास रखी संदूक में चांदी के जेवरात और लगभग 50 हजार रुपये नकद रखे थे। चोरों ने संदूक तोडक़र करीब 1 किलो चांदी के जेवर व नकदी चोरी कर ली। इसके बाद चोरों ने पड़ोसी बंसीलाल तंवर के मकान का जंगला तोडक़र प्रवेश किया और वहां रखे तांबे के बर्तन उठा ले गए। वारदात के बाद मकान मालिकों ने सिटी थाना पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने मौका मुआयना कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र के लोग भयभीत हैं और पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### कपासन में युवक पर हुए हमले के विरोध में कांग्रेस ने प्रदर्शन कर 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम

# पेयजल समस्या पर वीडियो बनाकर पोस्ट करने वाले युवक पर अज्ञात हमलावरों ने किया ताबड़तोड़ हमला

बढ़ता राजस्थान





**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** क्षेत्र में परंपरानुसार वर्षों से चली आ रही ज्वलंत पेयजल समस्या एवं रिक्त पड़े जलस्रोतों में पानी आवक को लेकर विगत समय से लगातार राजनीतिक एवं जनता जनार्दन के गलियारों में चर्चा एवं तीव्र आक्रोश बना रहता है।जिसमे जनता जनार्दन को सोशल मीडिया पर रोष व्यक्त करते हुवे देखा जा सकता है।

गौरतलब है कि पेयजल समस्या की चर्चाओं के बीच उक्त मामले ने सोमवार को सनसनीखेज मोड़ ले लिया।जिसमे पेयजल एवं रिक्त पड़े जलस्त्रोत को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले एक युवक पर अज्ञात लोगों द्वारा सरियों एवं डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर घायल कर दिया गया।जिसका उपचार जारी है।यहां गंभीर घायल युवक सूरज माली द्वारा हमले में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि की संलिप्तता बताते हुवे कहाकि पूर्व में भी वीडियो रील को लेकर धमकाया गया।इसके बाद सोमवार को अज्ञात लोगों द्वारा पेयजल समस्या पर वीडियो बनाकर पोस्ट करने युवक पर हमले की घटना को अंजाम देने की सूचना मिलते ही लोगों में तीव्र आक्रोश व्याप्त हो गया।साथ ही आमजन एवं राजनेताओं द्वारा उक्त घायल युवक के समर्थन में घर पहुंचकर एवं सोशल मीडिया इत्यादि माध्यमों से घायल युवक परिजनों ढांढस बंधाया गया। चहुंओर उक्त हमले की कड़ी निंदा का दौर जारी है। इधर उक्त मामला प्रदेश की राजनीति के शीर्ष राजनेताओं तक पहुंच गया।जिसमे विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली,कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित क्षेत्रीय जिला क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं आमजन जनता जनार्दन द्वारा हमले की कड़ी निंदा कर घायल युवक के परिजनों को ढांढस बंधाया गया।

इधर मंगलवार को नगर पालिका कपासन क्षेत्र के मुख्य केंद्र पांच बत्ती चौराहे पर कांग्रेस जनप्रतिनिधियों,पदाधिकारियों सहित क्षेत्रीय आमजन द्वारा तीव्र रोष व्यक्त करते हुवे विरोध प्रदर्शन किया गया।जिसमे उक्त युवक हुवे हमले में शामिल दोषियों को जल्द कानून की गिरफ्त में लेकर सख्त कार्यवाही करने की मांग को लेकर उपस्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया।इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था को लेकर क्षेत्रीय पुलिस प्रशासनिक अधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस जाप्ता मुस्तैदी के साथ तैनात रहा।यहां ज्ञापन प्रक्रिया के साथ 24 घंटे के भीतर आवश्यक एवं सख्त कार्यवाही नहीं होने की दिशा में कांग्रेस पार्टी द्वारा जनसहयोग के साथ विरोध प्रदर्शन करेगी तथा घायल युवक को न्याय दिलाने की बात कही गयी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पंचायत समिति कपासन के प्रधान भेरूलाल चौधरी ने घायल युवक के घर जाकर परिजनों को ढांढस बंधाते हुवे भरोसा दिलाया की हम आपके साथ हे और न्याय दिलाकर रहेंगे।कार्यवाही नहीं होने पर कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी तथा न्याय के लिए आवश्यक होने पर तीव्र विरोध प्रदर्शन करेगी।

### ब्यावर में एसीबी की कार्रवाई

## 6 हजार की रिश्वत लेते ग्राम विकास अधिकारी रंगे हाथों गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** अजमेर एसीबी टीम ने मंगलवार को ब्यावर के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सरमालिया ग्राम पंचायत में बड़ी ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया।

टीम ने ग्राम विकास अधिकारी अखिलेश को 6 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, परिवादी ने एसीबी को शिकायत दी थी कि उसका दो माह का बकाया वेतन भुगतान करने के एवज में ग्राम विकास अधिकारी 12 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। परिवादी की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एएसपी, एसीबी वंदना भाटी के निर्देशन में टीम ने कार्रवाई की योजना बनाई। तयशुदा संकेत मिलते ही एसीबी ने जाल बिछाकर अखिलेश को 6 हजार रुपये लेते हुए दबोच लिया। फिलहाल आरोपी ग्राम विकास अधिकारी से सदर थाना परिसर में एसीबी टीम गहन पूछताछ कर रही है। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हडक़ंप मच गया ।

## अवैध क्लिनिकों पर चिकित्सा विभाग की बड़ी कार्रवाई, 8 क्लिनिक सीज मचा हडक़ंप

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां (टी.आर सैनी)।** कस्बे में अवैध रूप से संचालित क्लिनिकों पर चिकित्सा विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए मंगलवार को आठ क्लिनिकों को सीज कर दिया। यह कार्रवाई विभाग द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन ब्लैक थंडर अभियान के तहत की गई। कार्रवाई से कस्बे भर में हडक़ंप मच गया और कई झोलाछाप चिकित्सक अपनी दुकानें बंद कर मौके से फरार हो गए।
चिकित्सा विभाग की टीम में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी एल.पी. नागर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के.के. प्रजापत, नर्सिंग ऑफिसर राहुल मीणा, संजय मीणा, राजेश स्वामी, योगेंद्र महावर और वाहन चालक नारायण सिंह शामिल थे। टीम ने कस्बे के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर आठ क्लिनिकों को सीज करते हुए नोटिस चस्पा किए।
ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी नागर ने बताया कि जिला कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) के निर्देश पर पूरे जिले में अवैध क्लिनिकों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पिछले पंद्रह दिनों से इन प्रैक्टिशनरों की पहचान की जा रही थी। जिनके पास इलाज का कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

सीएचसी नैनवां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रजापत ने बताया कि पहले भी इन प्रैक्टिशनरों को नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन उन्होंने कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया। इसी कारण अचानक निरीक्षण कर आठ क्लिनिकों को सीज किया गया। उन्होंने कहा कि जब तक ये संचालक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करते, तब तक उनके खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

कार्रवाई की भनक लगते ही कई क्लिनिक संचालकों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और कुछ ने बाहर 'दुकान बिकाऊ है' के बोर्ड भी लगा दिए। स्थानीय लोगों ने यह भी सवाल उठाए कि कार्रवाई के दौरान केवल दस्तावेजों की जांच की गई, लेकिन अवैध रूप से रखी दवाइयों को जब्त नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि कई क्लिनिकों पर बिना अनुमति के दवाइयां रखी हुई हैं, जो औषधि नियंत्रण विभाग के नियमों का उल्लंघन है। इस पर कोई कार्रवाई नहीं होने से विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

## ब्यावर के राजकीय विद्यालय में दिखा सांप, रेस्क्यू के बाद विद्यार्थियों को दी गई उपयोगी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर के देलवाड़ा रोड स्थित सनातन धर्म राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में देर रात एक सांप दिखाई देने से अफरा-तफरी मच गई। विद्यालय प्रशासन ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना पाकर स्नेक केचर सुरेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों की मदद से अभियान चलाया। काफी खोजबीन के बाद कक्षा के नीचे रखे सामान में से सांप बाहर निकला। सुरेन्द्र सिंह ने उसे सुरक्षित पकड़ा और पहचान



कर बताया कि यह पानी वाला सांप है, जो जहरीला नहीं होता। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार ने स्नेक केचर सुरेन्द्र सिंह से विद्यार्थियों को सर्पदंश की बढ़ती घटनाओं और उससे बचाव के उपायों पर जानकारी दिलाई। सुरेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि सांप काटने पर घबराएं नहीं, तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचें। साथ ही उन्होंने सर्पदंश पर प्राथमिक उपचार, एंटीवेनम इंजेक्शन की भूमिका, समय पर उपचार, सांपों की पहचान और उनसे बचाव के तरीके भी बताए।

उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि सांपों को मारना या अंधविश्वास में पडऩा गलत है। यदि कहीं सांप दिखाई दे तो तुरंत सुरक्षित दूरी बनाकर विशेषज्ञ को बुलाएं।

## मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुंडिया में मूर्ति विसजर्न यात्रा का आयोजन, भगवान देवनारायण की मूर्तियों का विसर्जन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** समीपवर्ती जिला क्षेत्र राजसमंद क्षैत्र की ग्राम पंचायत मण्डावर के सिरोला ग्राम के ग्रामीणों द्वारा भगवान देवनारायण की पुरानी मूर्तियों का रविवार को मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुंडिया में सामुहिक विसर्जन किया गया।
ग्राम मण्डावर निवासी हुकम सिंह ने बताया कि करीब छः सौ वर्ष पुराने आराध्य भगवान देवनारायण मंदिर का हाल ही में जीर्णोध्दार कर नवीन मूर्तियों को विधिवत स्थापित किया गया।जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा रविवार को पुरानी मूर्तियों के विसर्जन हेतू मूर्ति विसर्जन यात्रा का आयोजन किया गया।इसके उपरांत मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुंडिया में भगवान देवनारायण की मूर्तियों का विसर्जन किया गया।इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा बनास नदी के घाट पर



स्नान कर प्रसिद्ध श्री मंगलेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन कर पुजा-अर्चना की गयी। इस मूर्ति विसर्जन यात्रा में सिरोला विकास समिति के अध्यक्ष हरिसिंह,कोषाध्यक्ष जग्गा सिंह,भामाशाह केप्टन गणपत सिंह,भाजपा नेता नरेंद्र सिंह,भोपा महेंद्र सिंह,सचिव दिलीप सिंह,मेट नरेंद्र सिंह,इलेक्ट्रीशियन दिलीप सिंह,कुलवंत सिंह,भोपा विरेन्द्र सिंह,भोपा कुंदन सिंह,खीम सिंह,भैरु सिंह सहित बड़ी संख्या में मंडावर ग्राम के महिला,पुरुष एवं युवा वर्ग में भाग लिया।

### केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य की भजनलाल शर्मा सरकार आमजन के हितों की रक्षा को प्रतिबद्ध

# भारतीय जनता पार्टी नेताओं का आरोप ,जनता द्वारा नकारे गए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस नेता सस्ती लोकप्रियता के लिए कर रहे झूठा आंदोलन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** जिले में कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे फसल मुआवजा जन अधिकार आंदोलन को लेकर भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। सांसद दामोदर अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, विधायक गोपीचंद मीणा, जब्बरसिंह सांखला, गोपाल खंडेलवाल, लादूलाल पीतलिया, लालाराम बैरवा और उदयलाल भड़ाना ने सर्किट हाउस में संयुक्त प्रेसवार्ता कर कहा कि कांग्रेस के ये आंदोलन जनता द्वारा नकारे जा चुके नेताओं की सस्ती लोकप्रियता पाने की कोशिश मात्र हैं।

भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस मुक्त भीलवाड़ा जिले में कांग्रेस नेताओं के पास अब कोई सार्थक काम नहीं बचा, इसलिए वे आमजन को गुमराह करने के लिए झूठे मुद्दों का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि




यदि कांग्रेस को जनता की इतनी चिंता थी, तो हाल ही में संपन्न राजस्थान विधानसभा का मानसून सत्र में उन्हें अपनी बात रखनी चाहिए थी, लेकिन उन्होंने सदन को चलने ही नहीं दिया और पूरा समय नारेबाजी व शोर-शराबे में गंवा दिया।

नेताओं ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य की भजनलाल शर्मा सरकार किसान, गरीब, युवा, महिला समेत समाज के हर वर्ग के लिए संवेदनशील है। सांसद व विधायक कोष से भी जिले में विकास कार्य लगातार हो रहे हैं। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ जिले में व्यापक स्तर पर जनता को मिल रहा है, जिससे भाजपा के प्रति जनसमर्थन बढ़ा है। यही कारण है कि कांग्रेस नेताओं को यह लोकप्रियता रास नहीं आ रही और वे अस्तित्व बचाने के लिए ऐसे हथकंडे अपना रहे हैं। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस आंदोलन के पांच बिंदुओं का क्रमवार जवाब भी दिया ।उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अतिवृष्टि से हुए फसल नुकसान के मुआवजे की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जा चुकी है और राशि शीघ्र किसानों को वितरित होगी। इस वर्ष की गिरदावरी रिपोर्ट भी भेज दी गई है, और राज्य सरकार किसानों को मुआवजा दिलाने को प्रतिबद्ध है। सरपंचों से जुड़े मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं, जिनमें हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। ग्राम पंचायतों का परिसीमन जनहित को ध्यान में रखकर किया जा रहा है ताकि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, अभिश्रुता सोलंकी, अनिल सिंह जादौन, भूपेंद्र सिंह बिलिया और जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी भी मौजूद रहे।

## मधु मुकुल चतुर्वेदी को 'हिंदी रत्न' सम्मान से सम्मानित

**बढ़ता राजस्थान, भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** वरिष्ठ भाजपा नेता, सेवा निवृत्त प्रोफेसर, साहित्यकार, समाजसेवी, पर्यावरणविद एवं राष्ट्रवादी विचारक डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी को 'हिंदी रत्न' सम्मान से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें बृजलोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी, आगरा द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर प्रदान किया गया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ऋषि वर्मा, सचिव तिरवर नाथ, कोषाध्यक्ष श्रीमती रीना देवी तथा विधिक सलाहकार डॉ. नरेश सिहाग एडवोकेट ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। डॉ. चतुर्वेदी को यह सम्मान साहित्य साधना, शोध, शिक्षा तथा हिंदी भाषा विकास के क्षेत्र में उनके प्रेरक, रचनात्मक एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों में पिछले पैंतीस वर्षों से सक्रिय हैं और शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए हैं। डॉ. चतुर्वेदी एक श्रेष्ठ समीक्षक, कुशल वक्ता, मंच संचालक तथा विविध सामाजिक क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में भी जाने जाते हैं।

## भारत विकास परिषद द्वारा 'भारत को जानो' व राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता आयोजित



**बढ़ता राजस्थान, भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भारत विकास परिषद शाखा भरतपुर द्वारा मंगलवार, 16 सितंबर को स्थानीय अभिनंदन मैरिज होम, पाई बाग में 'भारत को जानो' अंतरविद्यालय प्रश्न मंच प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताएं प्रात: 9 बजे से आरंभ हुईं, जिनमें शहर के विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत परिषद अध्यक्ष मुनीष अग्रवाल, जिला समन्वयक शंकरलाल अग्रवाल, सचिव रवि जिंदल, महिला सहभागिता प्रभारी मीरा गर्ग तथा अन्य पदाधिकारियों ने भारत माता और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की। इसके बाद 'वंदे मातरम्' गीत के सामूहिक गायन से आयोजन का औपचारिक शुभारंभ हुआ।

सचिव रवि जिंदल ने बताया कि 'भारत को जानो' प्रतियोगिता के प्रथम चरण का आयोजन गत 29 अगस्त को राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग के सहयोग से विभिन्न विद्यालयों में शाखा स्तरीय स्तर पर किया गया था। उसमें चयनित प्रतिभागियों के बीच द्वितीय चरण की अंतरविद्यालय प्रतियोगिता कल आयोजित हुई। वरिष्ठ वर्ग में आदर्श विद्या मंदिर जवाहर नगर के दिव्यांशी व देवराज ने प्रथम तथा बाबा सुग्रीव विद्यापीठ के संजना व तनय अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।कनिष्ठ वर्ग में आदर्श विद्या मंदिर जवाहर नगर के देवांश व यज्ञ शर्मा प्रथम तथा चुन्नीलाल चावला विद्यालय की मानवी व दीक्षिता द्वितीय स्थान पर रहीं। इन विजेताओं का चयन अब हिण्डौन सिटी में होने वाली प्रांतीय स्तर की 'भारत को जानो' प्रतियोगिता के लिए किया गया है।


कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयोजक (पर्यावरण) उमेश सिंघल, प्रतियोगिता प्रभारी विनोद मंगल, भारत शर्मा, डॉ. रविंद्र शर्मा, राजेंद्र दंडोतिया, रोहित गोयल, संतोष गर्ग, रामावतार कोठारी, पवन अग्रवाल, कपिल गुप्ता, भागचंद बंसल, ओमप्रकाश गर्ग, सीमा मंगल सहित परिषद के अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## बामसेफ की जिला कार्यकारिणी का गठन सम्पन्न



**बढ़ता राजस्थान, अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** मूलनिवासी बहुजन समाज के उत्थान और संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से बामसेफ की जिला कार्यकारिणी का गठन महर्षि दयानंद विश्राम गृह में आयोजित एक समारोह में किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव ओमप्रकाश वर्मा और प्रदेश प्रभारी विशाल राय ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई और नियुक्ति पत्र सौंपे। कार्यक्रम में संगठन के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नई कार्यकारिणी में धीरेन्द्र सिंह खटूमरा को जिला अध्यक्ष के रूप में चुना गया, जबकि प्रो. डॉ. सत्यनारायण ताजी को जिला कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा, अनिल कुमार करदम, बुद्धराम यादव और अरविन्द महराणिया को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। शीतल गोठवाल को जिला महासचिव (संगठन), यादराम डुमोलिया को जिला महासचिव (व्यवस्थापन), रूप सिंह सैनी को जिला महासचिव (समन्वय) और दिलीप कुमार मीणा को जिला महासचिव (समीक्षा) के पद पर नियुक्त किया गया। गौतम मेघवाल को जिला सचिव, शिवराज बैरवा को जिला कोषाध्यक्ष और हरीश कुमार बोहरा को जिला सह-कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं, नौरत राम सामरिया, मोहन लाल वर्मा, रामकिशन कुमावत, मुकेश कुमार, ग्यारसी लाल वर्मा और दिनेश दत्त कनोजिया को जिला कार्यकारी सदस्य के रूप में चुना गया।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर, हर बूथ पर चलेगा स्वच्छता अभियान



**बढ़ता राजस्थान, बाड़ी (राजू शर्मा) ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सेवा पखवाड़ा को लेकर शहर मंडल की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत और मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे के नेतृत्व में पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा के कार्यालय पर संपन्न हुआ। पूर्व विधायक मलिंगा ने कार्यकर्ताओं को सेवा पखवाड़े की रूपरेखा बताते हुए कहा कि इस दौरान प्रत्येक कार्यकर्ता एक पेड़ अपनी माता के नाम से लगाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर बाड़ी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# युवा कांग्रेस ने अजमेर में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में भ्रष्टाचार की जांच की मांग, राज्यपाल को ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** युवा कांग्रेस अजमेर के पदाधिकारियों ने मंगलवार को राजस्थान राजभवन के राज्यपाल को अजमेर सर्किट हाउस में एक ज्ञापन सौंपकर स्मार्ट सिटी के नाम पर हुए कथित भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित मल्होत्रा ने बताया कि अजमेर शहर में सडक़ों, उद्यानों और पुलियाओं सहित विभिन्न निर्माण कार्यों में भारी अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि इन मामलों को लेकर संगठन ने कई बार जिला प्रशासन, अजमेर नगर निगम और अजमेर विकास प्राधिकरण को ज्ञापन दिए, प्रदर्शन किए, लेकिन किसी भी अधिकारी ने संज्ञान नहीं लिया। मल्होत्रा ने कहा कि शहर



में '7 वंडर पार्क' के निर्माण को तोड़े जाने, 250 करोड़ की लागत से बनी एलिवेटेड रोड के धंसने, तथा अधिकारियों की लापरवाही से बोराज तालाब की पाल टूटने जैसी घटनाओं ने हजारों लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि ये सभी घटनाएं प्रशासन की लापरवाही और भ्रष्टाचार का प्रमाण हैं, जिससे आम जनता को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। ज्ञापन में बताया गया कि 250 करोड़ की लागत से बनी एलिवेटेड रोड की पुलिया सुरक्षा जांच में अनफिट पाई गई। वहीं आनासागर वेटलैंड क्षेत्र में राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेशों के बावजूद ?100 करोड़ की लागत से अवैध निर्माण कराए गए, जिन्हें अब भारत का सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर तोड़ा जा रहा है। इसके अलावा, तालाबों की उपेक्षा के चलते बोराज तालाब की पाल टूटने से 400 से अधिक परिवार विस्थापित हुए और करोड़ों की क्षति हुई। साथ ही, स्मार्ट सिटी का दर्जा प्राप्त होने के बावजूद शहर के अधिकांश मुख्य मार्ग जर्जर स्थिति में हैं और आए दिन हादसे हो रहे हैं, परंतु प्रशासन निष्क्रिय है। युवा कांग्रेस ने राज्यपाल से मांग की कि स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में करोड़ों रुपए के कथित घोटालों की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। जनता के पैसों की बर्बादी करने वाले अधिकारियों से व्यक्तिगत वसूली की जाए। बोराज तालाब की पाल टूटने से प्रभावित परिवारों का नया सर्वे कर वास्तविक पीडित़ों को उचित मुआवजा दिया जाए तथा शहर की सभी मुख्य सडक़ों का शीघ्र निर्माण व मरम्मत कराई जाए। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष मोहित मल्होत्रा, पूर्व अध्यक्ष लोकेश शर्मा, प्रदेश सचिव अकबर हुसैन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सागर मीणा, विधानसभा अध्यक्ष पवन ओड तथा फारूक़ खान शामिल रहे।

## ढेलाणा में ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का जुझारूपन, बालक वर्ग 17 वर्ष में संघर्षपूर्ण मुकाबले

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** उपखंड आमेट के निकटवर्ती गांव ढेलाणा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 34वीं जिला स्तरीय बालक-बालिका 17 एवं 19 वर्ष वर्ग ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सोमवार को बालक वर्ग 17 वर्ष में खिलाडियों के बीच दमदार और संघर्षपूर्ण मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता में 35 किलोग्राम वर्ग में ढेलाणा के भवानी सिंह प्रथम, ओलना खेड़ा के ऋषभ द्वितीय और गोवल के शैतान सिंह तृतीय रहे। 38 किलोग्राम वर्ग में गोवल के महावीर सिंह बल्ला ने प्रथम, ओलना खेड़ा के किशन सालवी ने द्वितीय तथा सारणिया खेड़ा के संजू पुरी गोस्वामी और ढेलाणा के प्रहलाद वैष्णव ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। 41 किलोग्राम में ढेलाणा के योगेश सुथार प्रथम, ओलना खेड़ा के विष्णु सालवी द्वितीय तथा सारणिया खेड़ा के लक्ष्मण लाल गुर्जर और गोवल के रतन सिंह तोमर तृतीय रहे। 45



किलोग्राम वर्ग में गोवल के यशपाल सिंह चुंडावत ने प्रथम, ढेलाणा के हुकम राम सालवी ने द्वितीय और ओलना खेड़ा के कन्हैया वैष्णव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 48 किलोग्राम में ओलना खेड़ा के कार्तिक गाडरी प्रथम, ढेलाणा के भरत कुमावत द्वितीय तथा देवड़ो का गुड़ा के राजेंद्र सिंह बल्ला तृतीय रहे। 51 किलोग्राम में ओलना खेड़ा के शुभांशु जाट ने पहला, पीएम श्री आमेट के मानव जीनगर ने दूसरा तथा धायला के रजत पुरोहित और ढेलाणा के संपत लाल कुमावत ने तीसरा स्थान पाया। 55 किलोग्राम वर्ग में खाखरमाला के जमनालाल प्रथम, गोवल के विक्रम सिंह चुंडावत द्वितीय तथा देवड़ो का गुड़ा के दशरथ सिंह और गुगली के कमलेश गुर्जर तृतीय रहे। 59 किलोग्राम में आमेट के भेरु खटीक प्रथम, ढेलाणा के महिपाल सिंह द्वितीय और गोवल के विष्णु गुर्जर तृतीय रहे। 63 किलोग्राम वर्ग में ढेलाणा के पुष्कर कुमावत प्रथम, लोढियाना के हितेन चौहान द्वितीय और गोवल के ईश्वर लाल गुर्जर तृतीय रहे। 68 किलोग्राम वर्ग में गोवल के रविराज सिंह ने प्रथम, ढेलाणा के अनिल कुमावत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 73 किलोग्राम में सारणिया खेड़ा के मनीष कुमावत ने प्रथम और ढेलाणा के युवराज सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 78 किलोग्राम वर्ग में ढेलाणा के लक्ष्मण लाल सुथार ने बाजी मारी, वहीं 78 प्लस वर्ग में जिलोला के सरवन लाल पुरबिया ने प्रथम, टीएवीपी आमेट के गौरव टेलर ने द्वितीय और ढेलाणा के आनंद सुथार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

खिलाडियों के जुझारूपन और संघर्षपूर्ण मुकाबलों से दर्शक रोमांचित हो उठे। विजेताओं को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों से विद्यार्थियों का होता है व्यक्तित्व विकास

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ अत्यंत आवश्यक हैं। विद्यार्थियों को साइबर क्राइम और नशे की प्रवृत्तियों से दूर रहना चाहिए, क्योंकि इनके दुष्प्रभाव अत्यंत भयावह होते हैं। यह बात भुसावर के पुलिस उपाधीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा ने कही। शर्मा कृषि महाविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के डीन उदय भान सिंह ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक निदेशक छात्र कल्याण राहुल कुमार उपस्थित रहे। डॉ. उदय भान सिंह ने स्वागत भाषण में महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रगति पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक सचिव भानुप्रिया पंकज ने बताया



कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में योगेश कुमार प्रथम और मनीषा कुमारी द्वितीय रहीं, वहीं ऑन स्पॉट पेंटिंग में पूजा चौधरी ने प्रथम और मनीषा कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कोलाज प्रतियोगिता में काजल दूण प्रथम तथा योगेश कुमार मीना द्वितीय स्थान पर रहे। रंगोली में मनीषा गुर्जर ने प्रथम तथा अन्नु पलसानिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. सुनीता के बयान पर विवाद

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान (उच्च शिक्षा) ने मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर की कुलगुरु प्रो. सुनीता द्वारा दिए गए विवादित वक्तव्य पर कड़ी आपत्ति जताई है। महासंघ ने बताया कि कुलगुरु ने 12 सितंबर 2025 को विश्वविद्यालय में आयोजित भारतीय ज्ञान प्रणाली एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषयक संगोष्ठी में औरंगजेब को 'सबसे कुशल प्रशासक' बताया तथा भारतीय वीरों की तुलना विदेशी आक्रांताओं से की, जो अत्यंत आपत्तिजनक है। महासंघ के महामंत्री प्रो. रिछपाल सिंह ने कहा कि भारत के महान योद्धाओं महाराणा प्रताप और पृथ्वीराज चौहान की तुलना विदेशी आक्रांता अकबर से करना और इतिहास के सबसे क्रूर शासक औरंगजेब को कुशल प्रशासक बताना न केवल तथ्यहीन और असंगत है, बल्कि भारतीय संस्कृति का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान विद्यार्थियों को भ्रामक दिशा देने वाले हैं और संगोष्ठी की मूल भावना को आहत करते हैं। महासंघ के अध्यक्ष प्रो. मनोज बहरवाल ने कहा कि औरंगजेब ने मंदिरों को ध्वस्त किया, गुरु तेग बहादुर और छत्रपति संभाजी की हत्या की, हिंदुओं पर जजिया कर लगाया और भारतीय ज्ञान परम्पराओं को कुचलने का प्रयास किया। ऐसे शासक को 'कुशल प्रशासक' कहना शिक्षा जगत के लिए शर्मनाक है।

## डीएमएफटी के विकास कार्यों पर लगी प्रदर्शनी में दिखी समग्र विकास की झलक

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना अंतर्गत डीएमएफटी से जिले में वर्ष 2016-17 से वर्ष 2025-26 तक हुए विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी सूचना केंद्र वाचनालय में लगाई गई जिसका उद्घाटन जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा द्वारा मंगलवार को किया गया।इस दौरान एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद एसीईओ डॉ सुमन अजमेरा, जिला कोषाधिकारी विशाल अग्रवाल, अधीक्षण खनिज अभियंता अनिल खमेसरा, एसई पीएचईडी राम अवतार सैनी, सीएमएचओ डॉ हेमंत बिंदल सहित



विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। प्रदर्शनी में डीएमएफटी फंड की स्थापना से लेकर आज तक जिले में आधारभूत संरचना, सडक़ें, हॉस्पिटल, नगरीय विकास, पर्यावरण संरक्षण, डेयरी आदि क्षेत्रों में हुए प्रमुख विकास कार्यों को दर्शाया गया। साथ ही प्रत्येक वर्ष डीएमएफटी के आय, व्यय, स्वीकृत कार्य, पूर्ण हुए कार्य, लंबित कार्य आदि को पारदर्शिता पूर्ण तरीके से प्रदर्शित किया गया। विभिन्न विकास कार्यों के मॉडल भी सजाए गए। सूचना केंद्र में आगंतुकों और पाठकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जिला कलक्टर हसीजा ने कहा कि जिले में विभिन्न आवश्यकता अनुरूप विकास कार्यों को पूर्ण करने में डीएमएफटी की भूमिका अहम रही है और इस फंड से महत्वपूर्ण विकास कार्य हुए हैं। आमजन तक डीएमएफटी के विकास कार्य पहुंचे यह आवश्यक है। उन्होंने मौके पर लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने पर भी जोर दिया और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। जिला कोषाधिकारी विशाल अग्रवाल ने प्रत्येक विकास कार्य एवं प्रगति की बारीकियों से अवगत कराया।जिला कलक्टर ने इस दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित विभिन्न प्रकार के साहित्य सामग्री का भी अवलोकन किया और इसे जन जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

## ग्रामीण व शहरी सेवा शिविर17 सितम्बर से शुरू होंगे

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राज्य सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण और आवश्यक सेवाएं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवा पर्व पखवाड़ा के तहत जिले में शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविर 17 सितम्बर से आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में शिविरों की तैयारियों को लेकर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की वर्चुअल बैठक धौलपुर स्थित डीओआईटी वीसी कक्ष में आयोजित हुई।



जिला कलक्टर ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य शहरी व ग्रामीण नागरिकों को सभी विभागीय सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना और उनसे संबंधित प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कर राहत पहुंचाना है। शहरी सेवा शिविर 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक नगर परिषद और नगर पालिकाओं के प्रत्येक वार्ड में आयोजित किए जाएंगे। ये शिविर प्रतिदिन प्रातः 9:30 बजे से शाम 6 बजे तक चलेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों की तिथियों व वार्डों की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा जनप्रतिनिधियों को भी इसमें शामिल किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि घर-घर कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों पर जिंगल्स बजवाकर शिविरों की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाई जाए।

कलक्टर ने बताया कि शहरी शिविरों के दौरान क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर व सुव्यवस्थित बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके तहत साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत व स्थापना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस की मरम्मत, ब्लैक स्पॉट सुधार, सडक़ों का पेचवर्क, सार्वजनिक पार्क व शौचालयों की सफाई व मरम्मत, सीवरेज कनेक्शन, लंबित पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के पट्टे, भू-उपयोग परिवर्तन, नामांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, ट्रेड लाइसेंस, फायर एनओसी, स्ट्रीट वेंडर पंजीकरण, जन्म-मृत्यु-विवाह पंजीकरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री स्व-निधि योजनाओं व प्रधानमंत्री आवास योजना में आवेदन जैसे कार्य किए जाएंगे। उन्होंने सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक को निर्देश दिए कि शिविरों के दौरान ई-मित्र संचालकों का पूरा सहयोग सुनिश्चित करें। शिविरों में प्राप्त समस्याओं, लंबित प्रकरणों, राइजिंग राजस्थान के तहत मिले आवेदनों तथा सेवा पखवाड़ा के दौरान प्राप्त प्रार्थना-पत्रों व सुझावों का तत्परता से निस्तारण किया जाएगा। शिविरों में आमजन की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित की जाएगी।

इसी प्रकार ग्रामीण सेवा शिविर भी 17 सितम्बर से प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। प्रथम सप्ताह में ये शिविर बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को होंगे, जबकि अगले सप्ताहों में गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को प्रत्येक दिन दो ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे। शिविर पंचायत मुख्यालय स्थित पंचायत भवन, स्कूल भवन या अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जाएंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखंड अधिकारी धौलपुर डॉ. साधना शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्कूली बच्चों ने रेलवे स्टेशन का अवलोकन कर जानी रेलवे की कार्यप्रणाली



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के पुलिस थाना रोड़ पर स्थित आईपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने मंगलवार को रेलवे स्टेशन का अवलोकन कर रेलवे विभाग की कार्यप्रणाली को समझा। इस मौके पर विद्यार्थियों ने रेलवे बुकिंग कार्यालय, प्रतिक्षा कक्ष सहित रेलवे के सम्बन्ध में अवलोकन किया। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक द्वारा बच्चों को रेलवे स्टेशन की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।

इस मौके पर बच्चों के द्वारा लोकों पायलट सहायक लोको पायलट का स्वागत किया गया। इस अवसर पर निदेशक कोशल प्रधान, भारत प्रधान, अनिल गुप्ता, दयानंद महावर, नवीन जांगिड़ सहित स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे।

## 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान को मिल रहा भरपूर समर्थन




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाए जा रहे 'वोट चोर, गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान को पूरे देश में अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र पर हमले के खिलाफ न केवल कांग्रेस पार्टी बल्कि देश का हर नागरिक अभियान में एकजुट होकर शामिल हो रहा है।

जूली मंगलवार को संस्कृत महाविद्यालय मैदान, लालसोट में आयोजित हस्ताक्षर अभियान और जनसभा में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम जनता का लोकतंत्र बचाने की इस मुहिम में साथ देने के लिए धन्यवाद किया। जूली ने कहा कि पूरे देश में जनता इस अभियान के प्रति जागरूक है और सही नीतियों के साथ कांग्रेस पार्टी नया इतिहास रचने में सक्षम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संविधान की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है और 'एक व्यक्ति, एक वोट' लोकतंत्र की नींव है। जूली ने कहा कि वोट चोरी इस बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर सीधा हमला है और भारतीय जनता पार्टी के वोट चोरी षड्यंत्र को राहुल गांधी के नेतृत्व में जनता के सामने बेनकाब किया जाएगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पूरे देश में यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। राजस्थान में यह अभियान 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, सांसद मुरारी लाल मीणा, पूर्व मंत्री परसादी लाल मीणा सहित जिला अध्यक्ष, पूर्व विधायक और बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान की तैयारियों का लिया जायजा



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मंगलवार को रामगढ क्षेत्र का दौरा कर राजकीय उप जिला चिकित्सालय में 17 सितम्बर से शुरू होने वाले स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार की तैयारियों का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर शुरू होने वाले स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत चिकित्सालय में स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। साथ ही बड़ी एलसीडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सीधा संबोधन भी प्रसारित किया जाएगा। अतः संबंधित अधिकारी उपकरण आदि सभी तैयारियों की बारीकी से जांच कर तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान करें। उन्होंने निर्देश दिये कि अभियान के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के साथ अधिक से अधिक महिलाओं को लाभांवित करावे।

## गायत्री परिवार कीः कन्या किशोर कौशल शिविर में विद्यार्थियों को दे रहे अच्छे संस्कार



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** मंगलवार को प्रातः 8 बजे गुरुजी पब्लिक माध्यमिक विद्यालय, दिवाकरी, अलवर में गायत्री परिवार द्वारा कन्या किशोर कौशल शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही वेदमूर्ति, तपोनिष्ठ, पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य रचित जीवन उपयोगी सद्-साहित्य का पुस्तक मेला भी लगाया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी रुचि अनुसार पुस्तकें खरीदीं। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री परिवार ट्रस्ट अलवर की मुख्य ट्रस्टी डॉ. सरोज गुप्ता ने की। उन्होंने बताया कि बच्चों के बौद्धिक और चारित्रिक विकास के लिए गायत्री मंत्र एक रसायन के समान है। इसका नियमित जप आलस्य और अज्ञानता को दूर करता है और तेजस व ओजस की वृद्धि करता है। कुमारी प्रगति पाराशर ने किशोरों में आ रहे भटकाव का कारण आधुनिक तकनीक जैसे ऱ्द्ध, मोबाइल और इंटरनेट डेटा के दुरुपयोग को बताया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के श्रीमती प्रतिभा सिंह, चौधरी चरण सिंह, देवकी नंदन अग्रवाल, रजनी शर्मा, गायत्री शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### अलवर लोकसभा क्षेत्र के विकास हेतु लगातार दूसरी उच्च स्तरीय बैठक का नई दिल्ली में हुआ आयोजन

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश एक आधुनिक और संकल्पवान राष्ट्र के रूप में आगे बढ रहा हैः भूपेंद्र यादव

### अलवर सांसद क्षेत्र विकास की नई राह : सडक़ परियोजनाओं से कनेक्टिविटी सुधरेगी, उद्योग व ग्रामीण समृद्धि को मिलेगा बल



बढ़ता राजस्थान

**अलवर/नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव एवं केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग तथा जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी की संयुक्त अध्यक्षता में मंगलवार को नई दिल्ली में नितिन गडकरी के आवास पर अलवर लोकसभा क्षेत्र में सडक़ तंत्र के विस्तार एवं उसे सुदृढ़ करने व नये निर्माण कार्यों के संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व जिले के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में उच्च स्तरीय बैठक हुई।

**प्रतिनिधि मंडल ने सौगातों पर आभार जताया, हस्तशिल्प सामग्री व कलाकंद किया भेंट :** अलवर लोकसभा क्षेत्र (अलवर, खैरथल, तिजारा, राजगढ़, रामगढ़, बहरोड़ व मुंडावर) के जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव की अगुवाई में केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का अभिनंदन किया। उन्होंने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, सरिस्का एलिवेटेड रोड परियोजना, पनियाला-बड़ौदा मेव एक्सप्रेसवे (भारतमाला परियोजना) तथा सीआरआईएफ परियोजनाओं की सौगातों पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने रामगढ़ क्षेत्र की प्रसिद्ध पॉटरी व महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार हस्तशिल्प सामग्री तथा अलवर की खास पहचान कलाकंद भेंट किया।

इन परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र की कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी सुधार होगा, जिससे ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन और आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। विशेष रूप से, सरिस्का एलिवेटेड रोड से टाइगर रिजर्व में वन्यजीव सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए दुर्घटना रोकथाम पर विशेष बल दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ बैठक कर क्षेत्र में रेलवे विकास हेतु अहम पहल की थी, जिससे अलवर जिले को कई सौगात मिली थी।

परियोजनाओं को समयबद्ध व गुणवत्ता के साथ गति देने के दिए निर्देश :- केंद्रीय वन मंत्री एवं केंद्रीय सडक़ मंत्री की उपस्थिति में अलवर लोकसभा क्षेत्र की सडक़ विकास आवश्यकताओं और प्रस्तावित नए प्रोजेक्ट्स की विस्तृत प्रेजेंटेशन दी। जिसके तहत प्रगतिरत मुंडावरा-तालवृक्ष-कुशालगढ़-नटनी का बारां एंव अलवर (बड़ौदा मेव) से आगरा स्पर के तहत कार्य का कम प्रगति से होना अवगत कराया, जिस पर केंद्रीय सडक़ मंत्री ने बैठक के दौरान एनएचआई के उच्च अधिकारियों को दूरभाष से निर्देशित किया कि कार्य को गुणवत्ता पूर्वक करते हुए तेजी से करने के निर्देश दिए।

बैठक में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बगड़ तिराया से नौगांव सेक्शन (एनएच 248।, अलवर नूंह सेक्शन) की 2 लेन शोल्डर सडक़ को 4 लेन शोल्डर सडक़ के साथ चौड़ा करने के नए प्रस्ताव पर चर्चा की ताकि एनसीआर अलवर क्षेत्र के ट्रैफिक जाम को कम किया जा सके जिस पर केंद्रीय सडक़ मंत्री ने अधिकारियों को सर्वे कर प्रस्ताव बनाने की निर्देश दिए। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने एनएच 248 ए के अलवर नूह खंड पर स्थित रामगढ़ बाईपास और रेलवे समपार सं या 95 पर ले ट हैंड साइड सहित रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य को अनुमोदित एवं कार्य प्रारंभ करने हेतु केंद्र सडक़ मंत्री को अवगत कराया जिस पर उन्होंने शीघ्र अनुमोदन कर कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन दिया।

## दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय कार्यशाला में शिक्षण की नवीन विद्या पर हुई चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नीमला में हिंदी एवं पर्यावरण विषय के अध्यापकों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभांरभ प्रधानाचार्या मंजू बैरवा एवं ब्लॉक केआरपी रमेश गोस्वामी तथा दीनदयाल शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। शुभारंभ उद्बोधन में प्राचार्य एवं गोस्वामी ने कार्यशाला की उपादेयता एवं आयोजन का कारण का विस्तार से वर्णन किया। प्रशिक्षण में दक्ष केआरपी के रूप में रमेश गोस्वामी ने विभिन्न सत्रों के माध्यम से कार्यशाला को मूर्त रूप प्रदान किया। साथ में विभिन्न सत्रों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के विभिन्न आयाम , स्कूल आधारित आकलन में काम लेने वाले विभिन्न टूल्स पर प्रकाश डाला, बेस्ट प्रैक्टिस को डिस्पले किया गया।

हिंदी भाषा को प्रारंभिक स्तर पर बच्चों को कैसे अधिगम कराया जाए,भाषा के चारों कौशलों पर अच्छी समझ कैसी बने इस पर विस्तार से समझाया गया। एबीएल किट, ईवीएस विषयकों ठोस ऑब्जेक्ट्स के साथ अनुभव के द्वारा बच्चों को समूहवार अध्यापन करवाया जाना चाहिए। नीमला, सकट, राजपुर बड़ा और सुरेर (पी ई ई ओ) के अधीनस्थ स्कूलों के कक्षा 1 से 5 तक बढ़ाने वाले हिंदी और पर्यावरण के शिक्षकों ने सहभागिता की। सभी संभागियों ने स्थानीय क्लस्टर की सुविधाओं की सराहना की एवं नवाचारों से लाभान्वित हुए।

## तीरंदाजी में अंकित मीना का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

बढ़ता राजस्थान




**राजगढ़ (अलवर)।** 69वीं जिला स्तरीय विद्यालयी खेलकूद तीरंदाजी 14 वर्षीय (छात्र-छात्रा) प्रतियोगिता में शेलोम इंग्लिश सैकंडरी स्कूल राजगढ़ (अलवर) के कक्षा 6 के छात्र अंकित मीना पुत्र रामप्रकाश मीना ने प्रथम प्रयास में ही तीरंदाजी इंडियन राउंड में द्वितीय स्थान (सिल्वर मैडल) प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता दिनांक 11 सितंबर को इंदिरा गांधी स्टेडियम, अलवर में आयोजित की गई थी।

छात्र अंकित मीणा का चयन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है जो कि पिंडवाडा, जिला - सिरोही में आयोजित जाएगी। छात्र अंकित मीणा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता - पिता, विद्यालय के संस्था प्रधान तथा शारीरिक शिक्षक को दिया। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के संस्था प्रधान डॉ. जोसेफ राज जी ने छात्र अंकित मीणा तथा उसके अभिभावकों का सम्मान किया। इसके साथ ही विद्यालय के संस्था प्रधान डॉ. जोसेफ राज ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव आज करेंगे विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री तथा अलवर सांसद श्री भूपेन्द्र यादव 17 सितम्बर को संसदीय क्षेत्र अलवर में सेवा पखवाडे के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

कार्यक्रमानुसार केंद्रीय वन मंत्री श्री यादव प्रातः 7:15 बजे पुराना कटला स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसी प्रकार प्रातः 7:50 बजे मुंगस्का स्थित गुरूनानक वृक्ष वाटिका में वृक्षारोपण कार्यक्रम, प्रातः 10:10 बजे अम्बेडकर नगर में रोटरी क्लब द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर, प्रातः 11:30 बजे राजकीय उप जिला चिकित्सालय रामगढ में आयोजित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम, दोपहर 1:30 बजे अम्बेडकर नगर में जीएसटी 2.0 वार्ता, दोपहर 3 बजे मिनी सचिवालय तथा सांय 4:10 बजे नगर निगम कार्यालय में आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 एवं डस्टबिन वितरण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आयुर्वेद कार्यशाला में 400 चिकित्सकों को विद्धकर्म प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में विश्व आयुर्वेद परिषद्, राजस्थान चिकित्सक प्रकोष्ठ जयपुर प्रांत की ओर से दो दिवसीय नाड़ी विज्ञान एवं विद्धकर्म चिकित्सा राष्ट्रीय आयुर्वेद कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में देशभर के 400 से अधिक आयुर्वेद चिकित्सकों को सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि प्रोफेसर कमलेश कुमार शर्मा, प्रो वीसी, ज्योति महिला विश्वविद्यालय जयपुर, तथा विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर अशोक कुमार शर्मा, प्राचार्य राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय उदयपुर उपस्थित रहे। अन्य गणमान्य अतिथियों में प्रोफेसर ओमप्रकाश दाधीच, डॉ. किशोरी लाल शर्मा, वैध कृष्ण मुरारी जी, डॉ. महेश सोनी, डॉ. राकेश कुमार शर्मा, डॉ. विनोद कुमार गौतम, डॉ. महेश इंद्रा और डॉ. पवन सिंह शेखावत शामिल थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर कमलेश कुमार शर्मा ने कहा कि स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के लिए आयुर्वेद अनिवार्य विषय है। आमजन आज पुनः आयुर्वेद की ओर आकर्षित हो रहे हैं, और ऐसे समय में चिकित्सकों की जिम्मेदारी है कि वे लोगों को दुष्प्रभाव रहित स्थाई समाधान प्रदान करें और निरंतर अपने ज्ञान को अपडेट करते रहें। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने औषध निर्माता प्रकोष्ठ के विभिन्न दायित्वों का परिचय दिया, जबकि विश्व आयुर्वेद परिषद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. किशोरी लाल शर्मा ने परिषद द्वारा 25 वर्षों से आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार और चिकित्सकों एवं विद्यार्थियों के कौशल विकास में किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के आयोजन अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह शेखावत एवं संगठन सचिव एवं आयोजन सह सचिव डॉ. बाबूलाल बराला रहे।

**विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन**

# 25 समवशरण कल्पद्रुम महामंडल विधान की तैयारियां पूरी

बढ़ता राजस्थान



बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। उपाध्याय श्री विज्ञानंद जी मुनिराज के सानिध्य में 22 से 28 सितंबर तक अलवर में 25 समवशरण कल्पद्रुम महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा हेतु आज सकल दिगंबर जैन समाज की मीटिंग आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता अग्रवाल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष मुकेश जैन ने की, जिसमें सैकड़ों साधारणिक बंधु उपस्थित रहे।

मीटिंग में श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन पंचायती मंदिर के मंत्री रविंद्र जैन ने एजेंडा प्रस्तुत किया। इसके बाद वर्षा योग समिति के संयोजक एवं कार्यक्रम संयोजक पवन जैन (चौधरी) ने विधान से संबंधित सभी तैयारियों का विस्तृत विवरण सभा के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 22 सितंबर को भव्य स्वर्ण रथ में श्रीजी का विराजमान किया जाएगा, जो प्रातः 7 बजे श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन पंचायती मंदिर, मुंशी बाजार से निकलकर होपसर्कस, घंटाघर, पंसारी बाजार और वीर चौक बस स्टैंड होते हुए जैन वाटिका नसीया जी पहुंचेगा। रथ यात्रा के दौरान सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे और जैन समाज के लोग रथ यात्रा में साथ रहेंगे। महायज्ञ के दौरान 28 सितंबर तक जैन वाटिका नसीया जी में विधान चलेंगे। सभा में बताया गया कि अब तक करीब 650 से अधिक लोगों ने प्रतिदिन लगभग 5 घंटे विधान में बैठने की सहमति वर्षा योग समिति को प्रदान की है। प्रत्येक दिन सायंकालीन समय में शहर के प्रतिष्ठित लोगों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा।

सहसंयोजक दीवान सतीश जैन ने बताया कि विभिन्न समाज मंडलों को कार्यक्रम की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जैन मित्र मंडल के निर्देशन में श्रीजी का रथ यात्रा निकलेगा और हाथों से रथ खींचने की जिम्मेदारी सीए महेश जैन एवं उनकी टीम को सौंपी गई है। वर्षा योग समिति के सहसंयोजक संजय जैन ने बताया कि आज उपाध्याय श्री विज्ञानंद जी मुनिराज के सानिध्य में होने वाले महामंडल एवं विश्व शांति महायज्ञ विधान की स्मारिका का विमोचन किया गया, जिसे अब सभी को उपलब्ध कराया जाएगा।

कार्यक्रम को भव्य बनाने हेतु राजेश जैन, सुमत जैन, पंकज जैन, अशोक जैन, अजीत जैन, रविकांत जैन, प्रदीप अंबिया, आशीष जैन, हिमांशु जैन, विशाल जैन सहित अन्य पदाधिकारी और समाजिक कार्यकर्ता पूरी तत्परता से सहयोग कर रहे हैं। संयोजक पवन जैन चौधरी ने कहा कि यह धार्मिक अनुष्ठान अलवर की धरती पर अविस्मरणीय होगा और धर्म की रक्षा के इस अलौकिक कार्यक्रम के लाखों लोग साक्षी बनेंगे।

# राजस्थान के 14 जिलों से मानसून की विदाई:68 फीसदी ज्यादा बरसात हुई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में इस बार 68 फीसदी ज्यादा बारिश के बाद अब मानसून की विदाई चल रही है। मंगलवार को 10 जिलों से मानसून की विदा हो गया। इनमें हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, नागौर, अजमेर, पाली, जालोर, बाड़मेर, सीकर और सिरोही जिले के कुछ इलाके शामिल है।

इससे पहले 14 सितंबर को जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर से मानसून की विदाई हो गई थी, इसमें जोधपुर के कुछ हिस्से भी शामिल थे। इधर, प्रदेश में बारिश का दौर थमने के बाद तापमान में उतार-चढ़ाव हो रहा है। सोमवार को राज्य के कई शहरों में दिन और रात के तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सबसे ज्यादा तापमान श्रीगंगानगर, जबकि सबसे कम तापमान सिरोही जिले में दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने 18 सितंबर से 10 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।



### सोमवार को श्रीगंगानगर रहा सबसे ज्यादा गर्म

पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान के लगभग सभी शहरों में मौसम ड्राय रहा। जयपुर, जोधपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर, भरतपुर, श्रीगंगानगर, उदयपुर समेत कई शहरों में दिन में तेज धूप रही। श्रीगंगानगर में सोमवार को दिन में सबसे ज्यादा गर्मी रही, जहां अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। चूरू में सोमवार को अधिकतम तापमान 36.9 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 36, फलोदी में 35.6, हनुमानगढ़ में 36.4, दौसा में 35.2, झुंझुनूं में 35, बाड़मेर में 35.4, चित्तौड़गढ़ में 35.8, पिलानी में 36.5, अलवर में 36.6, जयपुर में 35, सीकर में 34.5, कोटा में 34.7, अजमेर में 33.4, भीलवाड़ा में 33.7, जैसलमेर में 34.4, जोधपुर में 33.4, जालोर में 32.1 और करौली में अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# 'राजस्थान देश का पहला ऐसा राज्य है जहां इतनी अधिक संख्या में पशुओं का बीमा हुआ'

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** शासन सचिव पशुपालन, गोपालन और मत्स्य डॉ समित शर्मा ने राज्य सरकार की योजनाओं का पशुपालकों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। डॉ शर्मा ने मंगलवार को शासन सचिवालय में पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, एएमएस और के पी आई आधारित ग्रेडिंग प्रणाली सहित अन्य विषयों की प्रगति की समीक्षा की।



बैठक में शासन सचिव ने कहा कि 17 सितंबर से आयोजित होने वाले ग्रामीण सेवा शिविर में पशुपालन विभाग के लोग अनुशासित, कर्मठ और तत्पर होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं और भीड़ में अपनी अलग पहचान में दिखें। इन शिविरों के दौरान पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा जिसमें रोगी पशुओं के उपचार और टीकाकरण आदि गतिविधियों के लिए सभी से सक्रिय होकर काम करने के निर्देश डॉ शर्मा ने दिए। शासन सचिव ने निर्देश दिए कि शिविरों के दौरान टीकाकरण अभियान, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, मोबाइल वेटरिनरी यूनिट और कॉल सेंटर तथा चैटबॉट , सेक्स सॉर्टेड सीमन से कृत्रिम गर्भाधान आदि योजनाओं का अधिकाधिक प्रचार प्रसार किया जाए। ग्रामीण सेवा शिविरों में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के बीमा सर्टिफिकेट भी वितरित किए जाएंगे जिसके लिए शासन सचिव ने अधिकारियों को एसआइपीएफ से समन्वय कर पूरी योजना बनाने के निर्देश दिए।

डॉ शर्मा ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि राजस्थान देश का पहला ऐसा राज्य है जहां इतनी अधिक संख्या में पशुओं का बीमा हुआ है। इसके लिए उन्होंने विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब बचे हुए बीमा को काम 30 सितंबर तक किसी भी हालत में पूरा करें। 1 अक्टूबर से वर्ष 2025-26 का बीमा कार्य शुरू किया जाएगा। डॉ शर्मा ने बताया कि पिछले साल के अनुभवों से सबक लेते हुए इस वर्ष बीमा का कार्य एक ही चरण में किया जाएगा।

## बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को आठ रन से हराया



बढ़ता राजस्थान

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने रोमांचक मुकाबले में अफगानिस्तान को हराकर सुपर चार चरण के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया है। हालांकि, अफगानिस्तान की टीम के पास अभी भी अगले दौर में पहुंचने का मौका है। मुस्तफिजुर रहमान की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को आठ रन से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 154 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान की टीम 20 ओवर में 146 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बांग्लादेश के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही। अफगानिस्तान ने पहली ही गेंद पर सेदिकुल्लाह अटल का विकेट गंवाया जो खाता खोले बिना आउट हुए। इसके बाद पावरप्ले के अंदर ही अफगानिस्तान को दूसरा झटका इब्राहिम जादरान के रूप में लगा जो पांच रन बनाकर आउट हुए।

# यूरोप से बोला अमेरिका- भारत पर 100% टैरिफ लगाएं:वित्त मंत्री ने कहा- अपनी जिम्मेदारी निभाए यूरोप

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने यूरोपीय देशों से भारत और चीन पर 50% से 100% तक टैरिफ लगाने की अपील की है। यह बात उन्होंने सोमवार को ब्लूमबर्ग को दिए इंटरव्यू में कही।

बेसेंट ने कहा कि रूसी तेल खरीद रोकने के लिए अमेरिका तब तक एक्स्ट्रा टैरिफ नहीं लगाएगा, जब तक कि यूरोपीय देश चीन और भारत पर भारी टैरिफ नहीं लगाते। यूरोप को रूस की ऑयल इनकम रोकने और यूक्रेन में युद्ध खत्म करने में बड़ी भूमिका निभानी होगी।

बेसेंट का यह बयान चीन से टिकटॉक को लेकर हुई बातचीत के बाद आया है। उन्होंने कहा कि चीन, रूस से तेल खरीदने को अपना अंतरिक मामला मानता है।



ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत और चीन रूस से तेल खरीद रहे हैं, जिससे पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ जंग जारी रखने में मदद मिल रही है। भारत-चीन पर भारी भरकम टैरिफ लगाकर इन्हें रूसी खरीदने से रोका जा सकता है।

बेसेंट ने कहा कि अमेरिका यूरोपीय देशों के साथ मिलकर रूस की ऑयल कंपनियों जैसे रोसनेफ्ट और लुकोइल पर कठोर प्रतिबंध लगा का सोच रहा है।

### ट्रम्प ने चीन पर 100% टैरिफ लगाने की अपील की थी

राष्ट्रपति ट्रम्प ने 3 दिन पहले सभी नाटो देशों और दुनिया को एक लेटर भेजा था, जिसमें उन्होंने रूस पर बड़े प्रतिबंध लगाने की बात कही थी। उन्होंने कहा था- मैं रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हूं, लेकिन इसके लिए सभी नाटो देशों को रूस से तेल खरीदना बंद करना होगा और मुझसे सहमत होना होगा। ट्रम्प ने कहा था कि कि कुछ नाटो देश रूस से तेल खरीद रहे हैं, जो गलत है और इससे उनकी बातचीत की ताकत कम हो जाती है। ट्रम्प ने आगे कहा- जब आप तैयार हों, तो बस कहें। मैं मानता हूं कि अगर नाटो चीन पर 50% से 100% तक टैरिफ लगाए, तो यह युद्ध खत्म करने में मदद करेगा। यह टैरिफ युद्ध खत्म होने के बाद पूरी तरह से हटा लिया जाएगा। चीन रूस पर कंट्रोल रखता है और ये टैरिफ उस कंट्रोल को तोड़ देंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह उनका युद्ध नहीं है, बल्कि बाइडेन और जेलेंस्की का युद्ध है। ट्रम्प ने कहा- अगर नाटो मेरी बात माने, तो युद्ध जल्दी खत्म हो जाएगा और हजारों जानें बचाई जा सकती हैं। अगर नहीं, तो आप सिर्फ मेरा और अमेरिका का समय बर्बाद कर रहे हैं।

# भारतीय राजदूत ने अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से की मुलाकात

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने मंगलवार को प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से शिष्टाचार भेंट की और बताया कि 18 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनसे टेलीफोन पर बात करेंगे। कार्की और नवीन श्रीवास्तव की मुलाकात सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री तथा मंत्रिपरिषद कार्यालय में हुई। राजदूत श्रीवास्तव ने कार्की को पीएम मोदी का बधाई संदेश भी सौंपा। प्रधानमंत्री सचिवालय के मुताबिक, बातचीत के दौरान दोनों के बीच द्विपक्षीय हितों और आपसी हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इस मौके पर प्रधानमंत्री कार्की ने स्पष्ट किया कि वर्तमान सरकार का मुख्य कार्य चुनाव कराना है और



इसके लिए भारत से सहयोग की अपेक्षा भी जताई। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, कार्की को भेजे संदेश में मोदी ने नेपाल भारत के मैत्रीपूर्ण और सहयोगात्मक रिश्तों को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता जताई। श्रीवास्तव ने भरोसा दिलाया कि एक अच्छे पड़ोसी के नाते भारत नेपाल की को सहयोग करता रहेगा।

# इजराइल ने गाजा सिटी में जमीनी हमले शुरू

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इजराइल ने गाजा सिटी में ग्राउंड ऑपरेशन यानी जमीनी हमले शुरू कर दिए है। CNN ने मंगलवार सुबह दो इजराइली अधिकारियों के हवाले से इसकी पुष्टि की।


यह हमला गाजा सिटी के बाहरी इलाकों से शुरू हुआ है। यहां रात भर इजराइल के हवाई हमले भी जारी रहे। इन हमलों में 41 लोग मारे गए। इजराइली सेना के एक अधिकारी के मुताबिक अब तक लगभग 3.2 लाख लोगों ने शहर



छोड़ दिया है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि सेना बंधकों की रिहाई और हमास की हार के लिए बहादुरी से लड़ रही है। काट्ज ने कहा कि गाजा जल रहा है, सेना पूरी ताकत से आतंकियों के ठिकानों पर हमले कर रही है।

इजराइल ने पिछले महीने यानी अगस्त में गाजा सिटी पर कब्जा करने की योजना को मंजूरी दी थी। इसके तहत करीब 60 हजार रिजर्व सैनिकों को ड्यूटी पर बुलाने का आदेश जारी किया गया। प्लान के मुताबिक गाजा सिटी पर कब्जे के अभियान के लिए कुल 1.30 लाख सैनिक तैनात किए जाएंगे। सैनिकों को ड्यूटी जॉइन करने से कम से कम दो हफ्ते पहले नोटिस दिया जाएगा। पहली खेप में 2 सितंबर को करीब 40-50 हजार सैनिक बुलाए जाने का शेड्यूल तय किया गया। दूसरी खेप नवंबर-दिसंबर और तीसरी फरवरी-मार्च 2026 में बुलाई जाएगी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

जल्द नतीजे की उम्मीद

# वाणिज्य मंत्रालय बोला- भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर हुई सकारात्मक बातचीत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका के मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच के साथ भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर हुई चर्चा सकारात्मक और भविष्य की दिशा तय करने वाली रही। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि दोनों देशों ने इस समझौते को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने के लिए प्रयास तेज करने का निर्णय लिया है, ताकि यह दोनों के लिए फायदेमंद हो।

भारत की तरफ से बातचीत का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने किया। वहीं, अमेरिकी टीम का नेतृत्व ब्रेंडन लिंच ने किया, जो दक्षिण और मध्य एशिया मामलों के लिए अमेरिका के सहायक व्यापार प्रतिनिधि हैं। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल सोमवार



शाम नई दिल्ली पहुंचा और मंगलवार को पूरे दिन भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों और प्रस्तावित समझौते पर चर्चा की।

अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने भी बैठक को सकारात्मक बताया और कहा कि यह वार्ता आगे की रणनीति तय करने में अहम साबित होगी। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करना और आर्थिक सहयोग को नई दिशा देना है। अमेरिका ने मंगलवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर हुई बातचीत सकारात्मक रही। अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने बताया कि इस बैठक में दोनों पक्षों ने व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने के अगले कदमों पर चर्चा की। पिछले कुछ महीनों में दोनों देशों के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन कृषि और डेयरी जैसे अहम मुद्दों पर मतभेद के कारण समझौता नहीं हो सका।

### 'कृषि और अन्य मुद्दों पर कुछ रियायतें चाहता है अमेरिका'

वहीं इस पर भारतीय चैंबर ऑफ कॉमर्स की एविएशन और टूरिज्म एक्सपर्ट कमेटी के चेयरमैन और दिल्ली-इंडो-यूएस स्मॉल बिजनेस चैंबर के प्रेसिडेंट डॉ. सुभाष गोयल ने कहा, 'आज हमारी बहुत अहम बातचीत हुई। दोनों पक्षों के बीच बहुत ही सौहार्दपूर्ण माहौल में चर्चा हुई। अमेरिकी पक्ष कृषि और अन्य मुद्दों पर कुछ रियायतें चाहता था। अमेरिका ने भारत पर 50% टैरिफ (कर) इसलिए लगाया था क्योंकि हम रूस से तेल खरीद रहे थे। मुझे लगता है कि बातचीत बहुत सकारात्मक माहौल में खत्म हुई। भारतीय पक्ष ने कहा है कि वे इन मुद्दों पर विचार करेंगे। जो भी समझौता होगा, वह दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगा और दोनों के हितों को ध्यान में रखकर होगा। यह बातचीत एक अच्छी शुरुआत है। पहले वार्ताएं ठप पड़ी थीं, लेकिन अब यह गतिरोध खत्म होने का संकेत है, जो एक बहुत ही अच्छा संकेत है।'

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक और प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टॉक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार